

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -64 जबलपुर, रविवार 06 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## वक्फ बिल पर बीजेपी में तूफान, पार्टी के कई सांसदों ने पक्ष में डाला वोट, अब उठी कार्रवाई की मांग



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा द्वारा विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में मतदान करने के बाद बीजू जनता दल (बीजेडी) के भीतर एक तूफान खड़ा हो गया है, जिससे सांप्रदायिक मामलों पर पार्टी के समान रुख में संभावित बदलाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मतदान ने वरिष्ठ नेताओं में व्यापक असंतोष पैदा कर दिया है, और पार्टी की नीति से विचलन की जांच की मांग की है। वरिष्ठ नेता बद्री पात्रा ने इस तरह का वोट डालने के सस्मित के अधिकार पर खुले तौर पर सवाल उठाया, जिससे आंतरिक हेरफेर का संकेत मिलता है।

बद्री पात्रा ने कहा कि पार्टी ने विधेयक का विरोध करने का फैसला किया था। आखिरी समय में यह कैसे बदल गया? किसी ने खेल खेला, हमें पता लगाना होगा कि किसने खेला। उन्होंने यह भी बताया कि बीजेडी के सात सांसदों में से एक ने विरोध किया, पांच ने समर्थन किया और एक ने मतदान से परहेज किया - जबकि पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कथित तौर पर स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। उल्लेखनीय है कि कोई आधिकारिक व्हिप जारी नहीं किया गया था। असहमति का यह पहला संकेत नहीं है। पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल ने नवीन पटनायक को पत्र लिखकर अनुशासनात्मक कार्रवाई और घटना की समीक्षा की मांग की थी।

यह विवाद बीजेडी की वैचारिक स्थिति पर प्रहार करता है, बद्री पात्रा ने नैतिक संकट की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, सस्मित पात्रा एकतरफा तरीके से पार्टी लाइन नहीं बदल सकते। उनके इस कदम से पार्टी की साख को नुकसान पहुंचा है। हालांकि न तो सस्मित और न ही केंद्रीय नेतृत्व ने आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया दी है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि नवीन पटनायक इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। जल्द ही एक औपचारिक जांच शुरू की जा सकती है, ताकि पता चल सके कि सस्मित ने स्वतंत्र रूप से काम किया या गुप्त मार्गदर्शन में। बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप जेना ने पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक को पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा के वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के पक्ष में मतदान करने के फैसले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता जा रहा है और नेता खुलकर अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं, इस घटना ने बीजेडी के भीतर दरार को उजागर कर दिया है, जो अनुशासित, संतुलित राजनीति की इसकी लंबे समय से चली आ रही छवि को चुनौती दे रहा है।

**वक्फ बिल का विरोध करना पड़ा भारी, 24 लोगों को नोटिस, 2-2 लाख रुपये का मुचलका को भी कहा गया**

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का विरोध करने के लिए काली पट्टी बांधने से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 24 लोग मुश्किल में पड़ गए हैं।

## रामनवमी पर देशभर में निकलेंगे चल समारोह यूपी-बिहार,महाराष्ट्र, झारखंड, बंगाल में अलर्ट



नई दिल्ली । देशभर में रामनवमी का त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार के साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड और पश्चिम बंगाल में अलर्ट है।

**गाजियाबाद में बड़ा हादसा- लिफ्ट में सवार 6 बच्चे, 26वीं मंजिल से सीधे जमीन पर गिरे**

गाजियाबाद. गाजियाबाद में एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. आज सुबह हिन्डन ग्रीन वैली ट्राइन टावर्स सोसाइटी में एक बहुत गंभीर घटना घटी है. यहां 10 साल से कम उम्र के 6 छोटे बच्चे लिफ्ट में फंस गए. लिफ्ट सीधे 26वीं मंजिल से जमीन पर गिर गई. सौभाग्य से इस घटना में सभी बच्चों को

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरों से सतर्क रहना आवश्यक

## तकनीक से जोड़ती है सनातन संस्कृति की ज्ञान परंपरा-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति हमें सुख, संतोष, आनंद और मोक्ष का रास्ता दिखाती है। हमारी संस्कृति की गहराइयों में ज्ञान परंपरा हमेशा से विद्यमान रही है। आध्यात्म और दर्शन की दृष्टि से भारत ने हर काल में आचार्यों, ऋषियों और मुनियों से प्राप्त ज्ञान, बुद्धि और मेधा के आधार पर जीवन के नियम बनाए और इनका पालन किया है। आधुनिक दौर में अधिक आवश्यक हो गया है कि नवीनतम ज्ञान और तकनीक की दिशा में आगे बढ़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमेशा नवीनतम तकनीक का स्वागत करते हैं और तकनीक की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी नई तकनीक के फायदे के साथ खतरे भी होते हैं जिसके लिए सतर्कता बरतना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय कभी किसी के साथ अन्याय नहीं करते हैं, परंतु अन्याय से सावधान रहना भी ज़रूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित 'सोशल इंप्लीकेशन्स ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर 12वें नानाजी स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भारत रत्न नानाजी देशमुख ने भारतीय संस्कृति, सर्वहित और समाज परिवर्तन के संकल्प के साथ दीनदयाल उपाध्याय के जीवनदर्शन को लेकर दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना की है।

## शुरू से सचिन पसंद



नई दिल्ली-(आरएनएस)। सोशल मीडिया पर इन दिनों सिरसा जिले के बाणी गांव की सरपंच नैना झोरड़ चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने पॉडकास्ट में कहा है कि जब 14 बरस की थी, तभी से कांग्रेस नेता सचिन पायलट खूब पसंद हैं। उनकी आसान बोली और साफ छवि ने मुझे कायल कर दिया। मैं कभी उनसे मिली नहीं हूं। उनकी ये रील वायरल हुई, तो अब सफाई देने वाला वीडियो भी सामने आ गया है। कहने लगीं कि मुझे उनकी पर्सनॉलिटी पसंद आती है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि ?या मैं उनसे शादी करना चाहती हूं, तो ये गलत है। लोग तो सलमान को भी पसंद करते हैं। इसका मतलब ये नहीं कि सबसे शादी कर लें।

## नर्मदा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन सागर में पलटा, 2 की मौत, 7 घायल



सागर. (आरएनएस)। नरसिंहपुर जिले के सगरी गांव के पास हुए सड़क हादसे में सागर जिले के 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं वाहन में सवार 7 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए करेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है. नरयावली थाना क्षेत्र के लोटनी गांव के लोग नर्मदा स्नान के लिए बरमान गए थे और वहां से लौटते समय हादसा हो गया. बरमान पुलिस चौकी प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सागर जिले के नरयावली थाना के लोटनी गांव से ग्रामीण नर्मदा स्नान कर रात में वापस लौट रहे थे, जिनका वाहन सगरी गांव के पास हाईवे पर अचानक पलट गया. कार में 10-11 लोग सवार थे. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल 40 वर्षीय राजेश पुत्र बलराम पटेल व 45 वर्षीय राजू उर्फ राजकुमार पुत्र धन्नालाल रजक को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई. पुलिस के अनुसार हादसे में 7 लोग घायल हुए हैं, जिसमें लोटनी गांव निवासी साराराम पुत्र वीरन पटेल, देवेंद्र अहिरवार, भागीरथ कुर्मी, नवनीत कुर्मी, रंजीत अहिरवार, गौरीशंकर सेन व रणवीर राजपूत शामिल हैं. सभी को इलाज के लिए करेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल भागीरथ के बेटे कपिल ने बताया कि हादसा कैसे हुआ यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया है. वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को बरमान पुलिस चौकी में रखवाया गया है.

## आखिरी बुलडोजर नहीं हटेगा, तब तक पीछे नहीं जाएंगे...

### हैदराबाद यूनिवर्सिटी में विरोध जारी

हैदराबाद ।(आरएनएस)। तेलंगाना सरकार के खिलाफ हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र एक हफ्ते से धरने पर बैठे हैं। छात्रों ने कल कहा कि जब तक आखिरी बुलडोजर यहां से नहीं चला जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार जिस 400 एकड़ जमीन पर आइटी पार्क बनाना चाहती है, छात्र उस योजना को आबोहवा के खिलाफ बता रहे हैं। तब से ही 18 छात्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं। छात्रों की तीन मांग है। पहली- पुलिस का कैंपस से जाना, दूसरी- लोकतंत्र का फिर स्थापित होना और तीसरा- ए?शन रोकना। अंग्रेजी अखबार से कुछ छात्रों ने कहा- पुलिसवालों ने हमारे कैंपस को ओपन जेल बना दिया है। न फोन निकालने की इजाजत है, न तस्वीर खींचने की।

## सात प्रधानमंत्रियों ने मेरे से बातचीत की थी, यासीन मलिक का दावा, मैं राजनीतिक पार्टी का नेता हूं, आतंकवादी नहीं



नई दिल्ली-(आरएनएस) ।जेल में बंद जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह राजनीतिक नेता हैं, आतंकवादी नहीं और दावा किया कि अतीत में सात प्रधानमंत्रियों ने उनसे बातचीत की थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मलिक ने सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील का हवाला दिया कि आतंकवादी हाफिज सईद के साथ उनकी तस्वीरें थीं और इसे सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों और टेलीविजन चैनलों ने कवर किया था। मलिक ने कहा कि इस बयान ने मेरे खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी की है। केंद्र सरकार ने मेरे संगठन को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया है। यह ध्यान देने योग्य है कि 1994 में एकतरफा युद्धविराम के बाद, मुझे न केवल 32 मामलों में जमानत दी गई, बल्कि किसी भी मामले में आगे नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव, एच डी देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ मनमोहन सिंह और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान भी सभी ने युद्ध विराम का पालन किया।

### बड़ी खेरमाई मंदिर, बूढ़ी खेरमाई मंदिर, छोटी खेरमाई मंदिर, बगलामुखी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विविध अनुष्ठान संपन्न हुए

## देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था, गूंजे मातारानी के जयकारे



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शुक्रवार को देवी मंदिरों में विविध अनुष्ठान हुए। मां का दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। सुबह से ही मां को जल अर्पित करने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में नजर आई। दिनभर मंदिरों में अनुष्ठान चलते रहे। वहीं घरों में कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। आज अष्टमी तिथि पर मातारानी को भोग अर्पित कर पूजन-अर्चन किया जाएगा। मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। कहीं महाआरती तो कहीं भजन संध्या होगी। त्रिपुर सुंदरी मंदिर, बड़ी खेरमाई मंदिर, बूढ़ी खेरमाई मंदिर, छोटी खेरमाई मंदिर, बगलामुखी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में शुक्रवार को विविध अनुष्ठान संपन्न हुए। मातारानी के जयकारे गूंजते रहे। मां के पूजन का महत्व बताया डॉ. राधाकृष्णन वार्ड सिद्ध बाबा रोड स्थित राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी मंदिर में डॉ. स्वामी गिरिजानंद सरस्वती के सान्निध्य में अनुष्ठान चल रहा है। नवरात्र के छठे दिन भगवती कात्यायनी दुर्गा की एवं त्रिपुर भैरवी महाविद्या की उपासना पूजन-अर्चन एवं श्री यंत्र का नव आवरण अर्चन किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव ने कहा कि जन्म जन्मांतर के पापों को नष्ट करने के लिए मां की उपासना से बड़ा कोई सरल और सुगम उपाय नहीं है। अतः हम सबको भगवती मां के शरणागत होकर के उनकी पूजा उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए।

# 30 फीट गहरे कुएं से निकले हैंड ग्रेनेड और 52 बमों के खोल

### बम निरोधक दस्ता और ऑर्डनेंस एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच गई





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। कुएं की सफाई के लिए 30 फीट नीचे गहराई में उतरी निगम की टीम को तनिक भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि उनके कदम सीधे विध्वंसक बमों के खोल पर पड़ने वाले हैं। पहला भारी भरकम बम का शेल हाथ में आने के बाद सफाई में जुटे कर्मियों के पसीने छूट गए। पूरी टीम तत्काल बाहर निकली और पुलिस को खबर की गई। इसके बादबम निरोधक दस्ता और ऑर्डनेंस एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच गई। एक-एक करके 52 खोखे बाहर आए। एक हैंड ग्रनेड भी मिला है। रांझी के चंद्रशेखर आजाद वार्ड की आमानाला बस्ती में नगर निगम की टीम द्वारा की जा रही एक कुएं की सफाई के दौरान खाली हैंड ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में बम के खाली खोखें मलने से हड़कंप मच गया। टीम ने क्षेत्रीय पार्षद और क्षेत्रीय नागरिकों को मामले की जानकारी दी।ि जसके बाद क्षेत्रीय पार्षद और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस को सूचितर् किया। कुएं से हैंड ग्रेनेड और बम के खोखे बाहरर् नकलवाने के बाद पुलिस उन्हें जब्त करके थाने ले गई। पुलिस अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैंि क आखिरकार बम के खोखे और खाली हैंड ग्रेनेड कैसे बस्ती के कुएं में पहुंचे? सेना भी पहुंची, ओएफके से एक्सपर्ट आए कुएं में मिले सभी बम के खोखे और हैंड ग्रेनेड का परीक्षण किया गया। खाली होने की जांच के बाद पूरा असला थाने लाया गया। इधर ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया और आर्मी के ऑफिसर भी थाने पहुंच गए। यहां भी पूरी जांच-पड़ताल की गई। बताया जाता है कि पानी में रहने के कारण हैंड ग्रेनेड और बम के खोखों में जंग लग गया था। ऐसे निकला जखीरा - बताया जाता है कि नगर निगम की टीम सुबह कुएं की सफाई कर रही थी। इसी दौरान जब मलबा हटाया जा रहा था तभी सफाई कर्मचारियों को कुछ ठोस वस्तु होने का अहसास हुआ। - निगम कर्मियों ने मलबे को जैसे ही साफ किया तो उसमें से पहले बम का एक खोखा निकला जिसके बाद कुएं में काम कर रहे कर्मचारी दहशत में आ गए और बाहर निकल आए। - पुलिस के पहुंचने के बाद दोबारा कर्मचारियों को नीचे उतारा गया। इसके बाद बमों के शेल की खोजबीन की गई। एक-एक करके 52 बम के खोखे और एक हैंड ग्रेनेड कुएं से बरामद किए गए। - इस दौरान लोगों की भीड़ मौके पर लगने लगी। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने लोगों को कुएं के आसपास से हटाया और भीड़ को अलग किया। कुएं तक कैसे पहुंचे बमों के खोखे? कुएं में हैंड ग्रेनेड और बम के खोखे कहां से आए, इसकी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है। आर्मी ने भी अपनी एंक्वायरी शुरू की है और पुलिस और सुरक्षा संस्थानों से भी जानकारी हासिल की जा रही है। पुलिस को इस बात की शंका है कि आर्मी की फायरिंग रेंज से खाली खोखे और हैंड ग्रेनेड लाकर कुएं में डाले जा सकते हैं। इसकी पतासाजी की जा रही है। पार्षद का कहना है कि कुएं की हर वर्ष सफाई कराई जाती है लिहाजा, बमों के खोल हाल फिलहाल ही डाले गए होंगे। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा का कहना है कि जल विभाग ईमानदारी से हर एक कुंए की सफाई कराए तो हर जगह ऐसे ही अवैध समान बरामद होगा। रांझी आमानाला बस्ती में कुएं की सफाई के दौरान हैंड ग्रेनेड और बम के खोखे मिलने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कुएं में हैंड ग्रेनेड और बम के खोखे कैसे पहुंचे इसका पता लगाया जा रहा है। - मानसर्ि द्ववेदी, थाना प्रभारी, रांझी थाना

## विदेश भेज रहे गोबर




नई दिल्ली-(आरएनएस)। दुनिया में अचानक गाय के गोबर की मांग बढ़ गई है। बिजनेस कंसलटेंट सार्थक आहूजा के मुताबिक कुछ ही महीनों में भारत से 400 करोड़ रुपए का गोबर अलग-अलग देशों में भेजा गया है। इस गोबर का पाउडर बनाया जाता है, जिसकी खासी मांग पश्चिम एशियाई देशों में है। वहां गोबर को लकड़ी में बदल कर भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

## 'आरोप साबित करो या इस्तीफा दो'



नई दिल्ली (आरएनएस)। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर आरोप लगाया कि वक्फ की जमीन पर उन्होंने कब्जा किया। खरगे ने कहा कि अनुराग ठाकुर या तो आरोप साबित करें या इस्तीफा दें। खरगे ने कहा कि उन पर लगाया गया आरोप साबित करें तो कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद के पद से इस्तीफा दे देंगे। खरगे ने कहा कि उनके या उनके परिवार के पास वक्फ की एक इंच जमीन भी नहीं है। खरगे पर आरोप को लेकर राज्य सभा में जम कर हंगामा मचाया गया। कांग्रेस सांसदों ने भी टेबलें ठोक कर कहा कि भाजपा अब झूटे आरोप लगाने की राजनीति पर उतर आई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि इस मुद्दे पर ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए। खरगे ने कहा, ''मेरा करीब 60 साल का राजनीतिक जीवन एक खुली किताब की तरह है। कल अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह झूठे और निराधार आरोप लगाए। जब ??मेरे सहयोगियों ने उन्हें चुनौती दी, तो उन्हें अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## 72 साल के वृद्ध ने पत्नी को कैंची घोंपी,खुद चौथी मंजिल से कूदा,दोनों की मौत



इंदौर ।(आरएनएस)। 72 वर्षीय ताराचंद खत्री ने गुरुवार को 65 वर्षीय पत्नी सीमा की कैंची घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद गुस्से में ताराचंद ने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी ।दोनों की अस्पताल में मौत हो गई ।ताराचंद अक्सर टीवी पर धारावाहिक क्राइम पेट्रोल देखता था और हत्या कर आत्महत्या की धमकी दे चुका था। अन्नपूर्णा पुलिस जांच कर रही है। टीआई अजय नायर के मुताबिक घटना शुक्रवार करीब 12 बजे सिल्वर पैलेस कॉलोनी की है। 65 वर्षीय सीमा खत्री पलंग पर बैठी हुई थी। पति ताराचंद से उसकी कहासुनी चल रही थी। गुस्से में ताराचंद कमरें में गया और कैंची उठा कर ले आया। सीमा ने बचने की कोशिश की लेकिन ताराचंद ने एक कैंची सीने में घोंप दी। उस वक्त बहु रिद्दी कचरा फैंकने नीचे गई थी। आवाज सुनते ही दौड़ते हुए घर में घुसी और ताराचंद के हाथ से कैंची छीनी।

### अवकाश सूचना

आज श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर दिन रविवार 06.04.2025 को दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगामी अंक दिन मंगलवार 08.04.2025 को प्रकाशित होगा।

**संपादक**




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी संजीवनीनगर श्री बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रजिस्ट्री आफिस के सामने स्थित रोड़ एवं प्लाट में संदिग्ध अवस्था में पिस्टल लिये गम्भीर अपराध करने की फिराक में घूम रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई तृप्ति लेंड मार्क प्लाटिंग के आगे रोड़ पर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम देवेन्द्र बर्मन उम्र 30 वर्ष निवासी नोनी पंचायत ग्राम खमदेही थाना पाटन बताया,

# स्कूल के पास शराब दुकान खुलने पर हंगामा, भाजपा नेताओं ने की तालाबंदी

## मंडल अध्यक्ष के साथ चार पार्षद पहुंचे, शराब दुकान में की तालाबंदी




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। जबलपुर में भाजपा नेता शराब दुकानों के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं. शहर के उपनगरीय क्षेत्र रांझी के मानेगांव में भाजपा नेताओं ने एक शराब दुकान का विरोध करते हुए तालाबंदी कर दी. उनका कहना है कि जिस जगह शराब दुकान खुल रही है. वह घनी बस्ती के पास है. यहां से कुछ ही दूरी पर एक स्कूल भी स्थित है. इस मार्ग से स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है, ऐसे में शराबियों द्वारा बच्चों के साथ छेडख़ानी की आशंका बनी रहती है.

भाजपा नेताओं के प्रदर्शन और हंगामे की जानकारी मिलते ही एसडीएम रांझी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत आबकारी विभाग तक पहुंचाई जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि दुकान को बंद कर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के लिए पत्र लिखा जाएगा.

**मंडल अध्यक्ष के साथ चार पार्षद पहुंचे, शराब दुकान में की तालाबंदी**

शुक्रवार दोपहर मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सेंगर के साथ चंद्रशेखर वार्ड से भाजपा पार्षद दामोदर सोनी, भगत सिंह वार्ड के पार्षद निशांत, अंबेडकर वार्ड के पार्षद अनुराग और लाला लाजपत राय वार्ड की पार्षद सवित्री शाह मोहनिया गांव पहुंचे. वहां पहुंचकर उन्होंने शराब दुकान के सामने तालाबंदी की. इस दौरान रांझी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था, लेकिन किसी ने भाजपा नेताओं को रोकने का प्रयास नहीं किया. स्थानीय महिलाओं और एक स्कूल की शिक्षिका के साथ मिलकर भाजपा नेताओं ने घंटों तक शराब दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन किया. भाजपा नेताओं का कहना है कि, जिस स्थान पर शराब दुकान खोली जा रही है, वह स्कूल और रिहायशी इलाके के नजदीक है. ऐसे में यहां शराबियों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे महिलाओं और बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढने् की आशंका है. इसके अलावा, जिस मार्ग पर यह दुकान स्थित है, वहां से महिलाएं नियमित रूप से गुजरती हैं, जिससे उनके साथ अभद्र व्यवहार की संभावना भी बढ़ जाती है.

**स्कूल के पास नहीं खोलने देंगे दुकान**

भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सेंगर का कहना है कि इससे पहले यह शराब दुकान मोहनिया से बाहर थी. इससे पहले भी जब इस स्थान पर शराब दुकान खुल रही थी, उस दौरान भी स्थानीय लोगों ने विरोध किया था. जिसके बाद शराब दुकान के परशुराम कुंड के पास शिफ्ट कर दिया था. 1 अप्रैल को जैसे ही शराब के नए टेंडर हुए, तो यह शराब दुकान शिफ्ट करने के बाद गांव के अंदर कर दी गई. जिससे किसी को भी अपत्ति नहीं थी. भाजपा मंडल अध्यक्ष का कहना है कि शराब दुकान के पास स्कूल है और यहीं से आने-जाने का रास्ता है. भाजपा नेता का कहना है कि किसी भी कीमत में यहां पर शराब की दुकान खुलने नहीं दी जाएगी.

**पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में शराब दुकान पर तालाबंदी**

शुक्रवार दोपहर जैसे ही भाजपा नेताओं को शराब दुकान खुलने की जानकारी मिली, वे ताला लेकर मोहनिया स्थित दुकान पहुंच गए और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में ही दुकान पर तालाबंदी कर दी. इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद थे.

**अधिकारी बोले- रिपोर्ट बनेगी, निर्णय कलेक्टर लेंगे**

सहायक आबकारी आयुक्त रविंद्र कुमार दुबे का कहना है कि रांझी के मोहनिया गांव में नई शराब दुकान खुली है. वहां पर भाजपा नेताओं ने किसी तरह का विरोध किया है, इसकी जानकारी अभी मुझे नहीं है. मौके पर एडीओ को भेजा जा रहा है. अगर शराब दुकान में किसी ने तालाबंदी की है, तो उसकी रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर के समक्ष पेश की जाएगी. मोहनियां में शराब दुकान रहेगी, या हटेगी, इस पर निर्णय कलेक्टर ही लेंगे. इधर रांझी एसडीएम का कहना है कि शराब दुकान से संबंधित मामले को लेकर आबकारी विभाग से चर्चा की जाएगी.

## सुमित्र जी द्वारा रचित देवी गीत

# अम्बे कहूँ, जगदम्बे कहूँ




यशोवर्धन पाठक

सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्रद्धेय डा. राजकुमार तिवारी जी सुमित्र ने साहित्यिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विषयों पर काफी पठनीय और प्रभावी सृजन किया है जो कि सराहनीय भी है और स्मरणीय भी। इसी दिशा में सुमित्र जी ने धार्मिक आध्यात्मिक क्षेत्र के अन्तर्गत अनेक पुस्तकों और पुस्तिकाओं की रचना की जिसमें देवी देवताओं की आराधना में ऐसे श्रेष्ठ गीतों का भी सृजन किया है जिसका कि मधुर और मनमोहक ढंग से गायन किया जा सकता है। देवी आराधना में सुमित्र जी की ऐसी ही एक लघु कृति है अम्बे कहूँ, जगदम्बे कहूँ , जो कि देवी भक्तों के मध्य काफी चर्चित हुई और इस कृति में शामिल गीतों को धार्मिक क्षेत्र में न केवल लोगों ने पसंद किया है बल्कि धार्मिक आयोजनों में मधुरता के साथ गाया भी गया। सुमित्र जी के इस देवी गीत संग्रह में 29 देवी भक्ति गीत शामिल हैं जिनमें अम्बे कहूँ, जगदम्बे कहूँ, घंटा बोले, ओ मैहर वाली माँ, ओ माँ, दर्शन से सब कुछ मिलता है, भरे नयन में नीर, माता है सबकी हितकारी, माँ तू थोड़ा प्यार दे, जग वंदित तेरे चरण, मातृ वंदना, विश्व देवि नमामि, सर्व समर्थ माँ जैसे मीठे गीतों से संग्रह बहुत अच्छा बन पड़ा है। पाथेय प्रकाशन से प्रकाशित इस लघु पुस्तिका के संयोजक श्री



राजेश पाठक प्रवीण कहते हैं कि सुमित्र दादा ने निर्मल मन से प्रभु की आराधना में भजन लिखे हैं, इन भजनों में समाहित मंत्र जैसा भाव- प्रभाव प्रेरक और प्रणम्य है।

आज सुमित्र जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा रचित यह देवी गीत संग्रह हम सबको भक्ति भाव के लिए सदा प्रेरित करता रहेगा।

# सिद्धिदात्री माँ का पूजन एवं श्री राम जन्मोत्सव आज



जबलपुर/सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित श्री दुर्गा -हनुमान मंदिर में आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन अर्चन उपरांत हवन पूर्णाहुति प्रसाद वितरण संपन्न हुआ । आज रविवार को नवम् स्वरूप सिद्धिदात्री माँ का प्रात: पूजन अर्चन एवं श्री राम जन्मोत्सव,मंगल आरती, महाप्रसाद वितरण,कन्या भोज आयोजित है। सर्व धर्मानुरागियों से संयोजन समिति ने उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है ।


**पश्चिम मध्य रेलवे**

**जबलपुर स्टेशन पर टूर्स एवं ट्रेवल सेवाओं के लिए बुकिंग सहायता कार्यालय/ सुविधा केन्द्र प्रदान करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

दिनांक: 04.04.2025

विषय: जबलपुर स्टेशन पर टूर्स एंव ट्रेवल सेवाओं के लिए सुविधा केन्द्र प्रदान करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

1) परिचय: जबलपुर मंडल पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्टेशन पर टूर्स एवं ट्रेवल संचालन के लिए सुविधा सेवाएं प्रदान करेन के लिए इच्छुक और पात्र पक्षों को अपनी रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है।

2.) उद्देश्य: ग्राहक की जरूरतों के अनुसार टूर पैकेज, यात्रा–संबंधी उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करना।

3.) रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की समय सीमा – 4.) उपरोक्त के संबबंध में इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपने प्रारंभिक प्रस्ताव नीचे दिए गए पते पर भेज सकते है। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव पूर्ण विवरण के साथ सील्ड लिफाफे में दिनांक 11.04.2025 समय 16:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर या ई मेल nfrcelljbp@gmail.com के माध्यम से आवश्यक रूप से जमा करें। पत्र व्यवहार का पता मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रथम तल, वाणिज्य शाखा मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सामने, जबलपुर (म.प्र.) 482001

5) संपर्क जानकारी: अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु दिए गए पते पर कार्यालयीन समय में या फोन पर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक।

**श्री नीरज कुमार पाठक** – वरि. वाणिज्य निरीक्षक 9109109246

**श्री राकेश पांडे** – मुख्य कार्यालय अधीक्षक – 8210433382

6) अस्वीकरण: यह रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का आमंत्रण है और जबलपुर रेलवे प्रशासन की ओर से कोई प्रस्ताव या प्रतिबद्धता नहीं है। जबलपुर रेलवे प्रशासन पश्चिम मध्य रेलवे बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तुतियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## युवक ने गालियां देने से मना किया तो लोहे की राड से हमलाकर कर जान से मारने की धमकी दी

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेड़ाघाट में सुरेन्द्र भूमिया उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बंधा थाना भेड़ाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 3-4-25 की रात लगभग 8 बजे उसके चाचा बाल किशोर भूमिया के साथ गांव के मुकेश भूमियाा एवं मुकेश का लड़का जितू भूमिया दोनों विवाद कर मारपीट किये थे रात लगभग 9 बजे उसने मुकेश एवं जितू से पूछा कि चाचा के साथ झगड़ा क्यों किये हो तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो मुकेश भूमिया ने लोहे की राड से हमलाकर सिर में चोटें पहुँचा दीं तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 01/ 2025/2026 दिनांक 03.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री विनायक स्वर्णकार, पिता श्री रामकृष्ण स्वर्णकार** ने फ्लैट क्रं. ई-02/522 पिन क्र. 1000498230 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड-महाराणा प्रताप ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **बालजी इन्फ्रास्ट्रक्चर भागीदार श्री रजनीत जैन,** पंचवीं मंजिल 944 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 603/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती शकुन्तला श्रीवास्तव, पति श्री जुगल किशोर श्रीवास्तव** ने भवन क्रं. 1070 पिन क्र. 1000500953 **वार्ड क्र. 06, वार्ड-इंदिरा गांधी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **1 श्री प्रदीप कुमार खरे, 2. श्री प्रमोद कुमार खरे दोनों के पिता स्व. श्री शंभू दयाल खरे,** क्षेत्रफल 5040 व.फु., भूतल 2232 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 602/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती अर्चना जायसवाल, पति श्री रविशंकर जायसवाल** ने भूखंड क्रं. 17 पिन क्र. 1003054406 **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार वल्लभ भाई पटेल,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **माधव मल्टी ट्रेड प्रा. लि. डायरेक्टर विश्वमोहन,** क्षेत्रफल 34701 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 601/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती लक्ष्मी धुर्वे, पति- श्री दिनेश कुमार धुर्वे** ने खसरा क्रं. 202/3 का भाग पिन क्र. 1000496979 **वार्ड क्र. 16, वार्ड-महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **श्री दिनेश ठाकुर, पिता स्व. श्री भगवान दास ठाकुर,** क्षेत्रफल 1125 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 600/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री कुलदीप सिंह बेदी, पिता श्री एस.एस. बेदी, 2. श्री ऋषि डावर, पिता श्री मुनिश्वर चंद्र डावर** ने भूखंड क्रं. 09 पिन क्र. 1003054406 का भाग **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार वल्लभ भाई पटेल,,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **माधव मल्टी ट्रेड प्रा.लि. डायरेक्टर विश्वमोहन,** क्षेत्रफल 9953 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 599/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **संस्कारधानी होटल्स एल. एल. पी. श्री मोहित रावलानी, पिता- श्री परमानन्द रावलानी** ने भूखंड क्रं. 01 पिन क्र. 1003054406 का भाग **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार वल्लभ भाई पटेल,,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **माधव मल्टी ट्रेड प्रा.लि. डायरेक्टर विश्वमोहन,** क्षेत्रफल 9576.4 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 598/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **संस्कारधानी होटल्स एल. एल. पी. श्री मोहित रावलानी, पिता- श्री परमानन्द रावलानी** ने भूखंड क्रं. 02 पिन क्र. 1003054406 का भाग **वार्ड क्र. 05, वार्ड-सरदार वल्लभ भाई पटेल,,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) **माधव मल्टी ट्रेड प्रा.लि. डायरेक्टर विश्वमोहन,** क्षेत्रफल 1346.4 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 597/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **शिवि सिंह, पिता- श्री केशव प्रसाद सिंह** ने भूखंड क्रं. 24,25 का भाग पिन क्र. 2000155332 का भाग **वार्ड क्र. 03, वार्ड-त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)**श्री शुभम अग्रवाल, सुगंध अग्रवाल, विदित अग्रवाल एवं भावेश पटेल,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 596/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती नीता चक्रवर्ती, पति-स्व. श्री अजय चक्रवर्ती** ने फ्लैट क्रं. 419 बी, 420 पिन क्र. 1000500002 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड- इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)**मेसर्स यश बिल्डर्स संजय खेता, पिता- श्री व्ही.एस. खेता** चौथी मंजिल 792.49 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 595/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्रीमती सीमा गुप्ता, पति श्री अखिलेश कुमार गुप्ता, 2. श्री सक्षम रावत, पिता- श्री अखिलेश कुमार गुप्ता** ने फ्लैट क्रं. ए-11/301 पिन क्र. 1000703884 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्रीमती मोनिका गुप्ता, पति श्री आशीष कुमार गुप्ता, द्वितीयतल 885 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 594/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती प्रेमलता मेहरा, पति श्री प्रहलाद मेहरा** ने भूखंड क्रं. एल.आई.जी.- 3 पिन क्र. 1002945622 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री आशीष साहू, पिता- स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद साहू, क्षेत्रफल 675 व.फु., भूतल 650 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 593/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री प्रविश खरे, पिता- श्री अनिल खरे, 2. श्रीमती मंजू खरे, पति- श्री अनिल खरे** ने भूखंड क्रं. 49 पिन क्र. 2000198290 का भाग **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)मेसर्स जसूजा इन्टरप्राइजेज डायरेक्टर श्री सुनील जसूजा, क्षेत्रफल 834.75 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 592/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती प्रभा सिंह सोलंकी, पति- श्री विनय सोलंकी** ने खसरा क्रं. 147/1 पिन क्र. 1000705089 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री रामनारायण विश्वकर्मा, पिता- स्व. श्री कोडीलाल विश्वकर्मा, भूतल 200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 591/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री हरदीप सिंह गिल, पिता- स्व. श्री हरभजन सिंह गिल** ने खसरा क्रं. 134 पिन क्र. 1000705102 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री हरभजन सिंह गिल, पिता श्री दर्शन सिंह गिल, क्षेत्रफल 10504 व.फु., भूतल 2490 व.फु., प्रथमतल 2490 व.फु., भूतल 840 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीजडीड,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 590/ 2024/2025 दिनांक 29.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री नीरज साहू, पिता- श्री धरमचंद साहू** ने फ्लैट क्रं. बी/ए-126 पिन क्र. 1000502603 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री रोहित तिवारी, पिता- श्री प्रमोद तिवारी, प्रथमतल 623 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल - किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने श्यामला हिल्स स्थित अपने शासकीय निवास बी-3 पर नवरात्रि के सप्तमी पर्व पर पूजा-अर्चना आयोजित की। उन्होंने माँ दुर्गा से प्रदेश के किसानों एवं नागरिकों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना में मंत्री श्री कंषाना की धर्मपत्नी श्रीमती संजू कंषाना और निवास का स्टॉफ सम्मिलित हुआ। पंडित गोविंद चतुर्वेदी द्वारा हवन कराया गया।

# दिल्ली के लाल किले पर होगा 3 दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12-13-14 अप्रैल को होने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य %विरासत से विकास की ओर% हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि जब इसका मंचन दिल्ली में 12, 13 और 14 अप्रैल को लाल किले पर होगा तो इसमें हाथी, घोड़ों, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। महानाट्य में शामिल कलाकार निजी जीवन में अलग-अलग क्षेत्र के प्रोफेशनल्स हैं। महानाट्य में वीर रस समेत सभी रस देखने को मिलेंगे। महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मध्यप्रदेश सरकार का एक अभिनव प्रयास है। इस कालजयी रचना को सबके सामने रखने में दिल्ली सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। इससे पहले हैदराबाद में भी विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति हो चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल, सुशासन व्यवस्था का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। वे एकमात्र ऐसे शासक थे, जिनके जीवन के विविध प्रसंगों से आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य और नवाचार आज भी प्रासंगिक हैं। वर्तमान में हिजरी और विक्रम संवत प्रचलन में हैं। इसमें विक्रम संवत उदार परंपरा को लेकर चलने वाला संवत है, अर्थात संवत चलाने वाले के लिए शर्त है कि जिसके पास पूरी प्रजा का कर्ज चुकाने का सामर्थ्य हो, वही संवत प्रारंभ कर सकता है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने सुशासन, व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन और दूरदृष्टि से यह



संभव किया विक्रमादित्य ने विदेशी शक आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रारंभ 57 ईस्वी पूर्व में किया था। विक्रम संवत के 60 अलग-अलग प्रकार के नाम हैं। संवत 2082 को धार्मिक अनुष्ठानों के संकल्प में 卐सिद्धार्थ卐 नाम दिया गया है। ये 60 नाम चक्रीकरण में बदलते रहते है। विक्रमादित्य का न्याय देश और दुनिया में प्रचारित हुआ। यह सम्वत् भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक आधार वाला कालगणना सम्वत् बन गया, जो आज भी प्रचलित है।

भारत वर्ष में उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य युग परिवर्तन और नवजागरण की एक महत्वपूर्ण धुरी रहे हैं और उनके द्वारा प्रवर्तित विक्रम सम्वत् हमारी एक अत्यंत मूल्यवान धरोहर है। विक्रम सम्वत् हिंदू समाज का महज एक पर्व या नववर्ष भर नहीं है। विक्रम सम्वत् तथा सम्राट विक्रमादित्य भारतवर्ष के गौरव को, मनोबल को और राष्ट्र की चेतना को जागृत करने का एक उपयुक्त अवसर है। यह पुरातन परंपरा से शक्ति प्राप्त कर भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि 卐यही समय है, सही समय है...卐 विश्व में भारत का समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम जानते हैं कि विदेशी आक्रांताओं और उपनिवेशवादी इतिहासकारों ने भारत गौरव तथा ज्ञान संपदा के प्रमाणों, साक्ष्यों, स्थापत्यों के सुनियोजित विनाश का अभियान चलाया। उनके द्वारा हमारी संपदा का विध्वंस किये जाने के प्रमाण लगातार मिलते रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहली बार सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था में ही नवरत्नों का समूह देखने को मिलता है। इन नवरत्नों में सभी अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ थे। उन्होंने सुशासन की व्यवस्था स्थापित की। नवरत्न सभी परिस्थितियों में सुचारू शासन संचालन में सक्षम थे। इसी क्रम में 300 साल पहले शिवाजी महाराज के अष्ट प्रधान की पद्धति में यही व्यवस्था दिखाई देती है। विक्रमादित्य उज्जैन के सार्वभौम सम्राट के रूप में लोक विख्यात हैं। आज विक्रमादित्य के अनेक पुरातत्वीय प्रमाण, लेख, मुद्रा अवशेष प्राप्त हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की दानशीलता, वीरता और प्रजा के प्रति संवेदनशीलता अद्भुत थी। विक्रम-बेताल पच्चीसी और सिंहासन बत्तीसी की कहानियों में इस प्रकार के कई प्रसंग आते हैं। सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों का सभी शासक अनुसरण करना चाहते थे। विक्रमादित्य का मूल नाम शशांक था, उन्हें विक्रमादित्य की उपाधि से सुशोभित किया गया, जो उल्टे क्रम को सूत्र में बदल दे, वो विक्रम और जो सूर्य के समान प्रकाशमान रहे वो आदित्य का भाव निहीत था। उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य भारतीय अस्मिता के उज्जवल प्रतीक हैं। वे शक विजेता, सम्वत् प्रवर्तक, वीर, दानी, न्यायप्रिय, प्रजावत्सल, स्तत्व सम्पन्न थे। वे साहित्य, संस्कृति और विज्ञान के उत्प्रेरक रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की, उन्होंने कभी स्वयं को राजा नहीं कहा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानते हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने 20 साल पहले विक्रमादित्य शोध पीठ स्थापित की है, जो विक्रमादित्य के जीवन मूल्यों पर आधारित पुस्तकें प्रकाशित कर विभिन्न तथ्य सामने ला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपने जीवनकाल में मथुरा और अयोध्या जैसे 300 से अधिक स्थानों पर मंदिरों का निर्माण कराया, साथ ही किसी को भी बेघर नहीं रहने दिया। विक्रमादित्य काल के समान ही प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में गरीबों को मकान बनाने में मदद की जा रही है। देश की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश सक्षम और सशक्त बन रहा है। यही राम राज्य है, जो विक्रमादित्य काल में परिलक्षित होता था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जन कल्याण से जुड़े निर्णय लेते हुए किसानों को 30 लाख सोलर पम्प देकर उन्हें बिजली केबिल के भार से मुक्त करने का प्रयास कर रही है। किसानों को कर्ज मुक्त करने की दिशा में भी प्रदेश में प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपने जीवनकाल में वेधशालाओं का निर्माण कराया। उनके काल में वर्तमान ईरान क्षेत्र में भी वेधशाला निर्माण का संदर्भ मिलता है। उनके कार्यकाल की उपलब्धियां स्वर्ण अक्षरों में अंकित होनी चाहिए। ईराक और मक्का के पुस्तकालयों में उपलब्ध ऐतिहासिक स्रोतों में सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और पड़ोसी देशों में उनकी सत्कीर्ति का उल्लेख मिलता है।

## गाडरवारा नगरपालिका में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव पारित



भोपाल -स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा नगरपालिका की बैठक में सर्व-सम्मति से एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित हुआ।

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। इसका उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश में विकास की निरंतरता बनी रहे। बैठक में गाडरवारा शहर के विकास और निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में पूर्व विधायक श्री नरेश पाठक, श्रीमती साधना स्थापक, नगरपालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

स्कूल चले हम कार्यक्रम अंतर्गत खमरिया और गोटेगाँव में हुए शामिल-विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का किया वितरण

## विद्यार्थी स्वयं को तपाकर जीवन में प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है - मंत्री पटेल

भोपाल- पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कैलेंडर सत्र के अनुसार स्कूल अब जुलाई के बजाय अप्रैल में खुलने लगे हैं। गर्मी का यह समय जरूर है लेकिन विद्यार्थी के लिए यही तप का समय है जो आपको जीवन में प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा।पहले के समय में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते थे, अब जो संसाधन स्कूलों में उपलब्ध है वह उस दौरान नहीं हुआ करते थे। समय के साथ बदलाव हुआ है। मंत्री श्री पटेल जिले के गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगाँव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे



थे। मंत्री श्री पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौ. जुगल सिंह पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि जो मन में सवाल हो वह पूछे। कक्षा 12 वीं की छात्रा सोनम बर्मन ने मंत्री श्री पटेल से उनके मंत्री पद तक के सफर के बारे में पूछा तो वहीं छात्रा निशा लोधी ने बोलने में आत्मविश्वास कैसे लाए यह प्रश्न किया। मंत्री श्री पटेल ने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर कॉलेज और इस दौरान राजनीति से उनके जुड़ाव को साझा किया। लीडरशिप केवल राजनीति में नहीं है, बल्कि नौकरी व व्यवसाय में भी होती है। अपने आपको बतौर लीडर तैयार करें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में 15 वर्ष से 30 वर्ष की उम्र में किया संघर्ष और परिश्रम जीवन पर्यंत मेहनत के फल के रूप में मिलता है। इसी उम्र में ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है। अपनी इस ऊर्जा का इस्तेमाल अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए करें। विद्यार्थी अपने अभिभावकों और गुरुजनों की बात मानें।

## गोदामों के निरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई: गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। गोदामों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उपार्जित खाद्यान्न के भंडारण के साथ ही शासकीय गोदामों में उपलब्ध रिक्त क्षमता के उपयोग के लिये अन्य वैकल्पिक व्यवसाय प्राप्त करने के प्रयास करें। शासकीय गोदामों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह निर्देश मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम की वर्ष 2016 के बाद प्रतिवर्ष भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं की गई हैं। इस कार्य में देरी करने वाले तत्कालीन शाखा प्रभारी रहे महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने नियमानुसार 1 अप्रैल 2025 से नवीन दरें लागू करने की स्वीकृति भी दी। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि गोदामों में उपार्जित अनाज के भंडारण की समय-सीमा निर्धारित की जाये। मैकेनाईज्ड सीड सेग्रीगेशन मशीन का उपयोग सुनिश्चित करें। मशीनों की गुणवत्ता का भी परीक्षण कराया जाये।श्री राजपूत ने कहा कि निगम अंतर्गत निर्माण शाखा सहित अन्य शाखाओं में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही जल्दी करें। वर्ष 2020-21 में निगम अंतर्गत धान के रखरखाव के लिये अधिकृत की गई कंपनी द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण निगम को हुई आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति कंपनी से सुनिश्चित की जाये। इसके लिये प्रचलित आर्बीटेशन प्रकरण में शासन का पक्ष मजबूती से रखें। स्थानांतरण नीति बनाने में विलंब नहीं करें। नियमानुसार दिव्यांग जनों की भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करें। उन्होंने कहा कि केप पर भंडारण अति आवश्यक होने पर ही किया जाये। गोदामों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये निर्धारित मापदंड के साइन बोर्ड लगवायें। गोदामों की मरम्मत साफ-सफाई एवं रंग-रोगन प्रभावी ढंग से किया जाये। इन सुविधाओं के लिये वर्ष 2025-26 के बजट में राशि प्रावधानित करें।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम द्वारा प्रस्तावित नवीन बीमा पॉलिसी में पुरानी पॉलिसी में लागू प्रावधानों के साथ ही अन्य नुकसानों का अधिकतम कवरेज करने का भी प्रावधान करें। साथ ही नवीन पॉलिसी तत्काल लागू करने की कार्यवाही करें। बैठक में आयुक्त, खाद्य कर्मवीर शर्मा ने गोदामों के निरीक्षण के लिये ऐप बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे निरीक्षण की लाइव जानकारी प्राप्त हो सकेगी। प्रबंध संचालक वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कॉर्पोरेशन की गतिविधियों की जानकारी दी।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन: नगर पालिका के सामने पुलिस और कांग्रेसियों में झड़प, हिरासत में 25 से अधिक नेता

नर्मदापुरम (आरएनएस)। दुकान किराए में वृद्धि और अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस इटारसी नगर पालिका का घेराव करने निकली. पुलिस ने सभी को बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश की. लेकिन कांग्रेसी बैरिकेड्स तोड़कर कार्यालय की ओर बढ़ने लगे. इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प हो गई. कई जगह पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा. प्रदर्शन बढ़ता देख पुलिस ने 25 से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिया है.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने बताया कि नगर पालिका निरंतर कांग्रेस पार्षदों की बात को नकारा जा रही है. बाजार की दुकानों के किराए में वृद्धि से जनता खुलकर विरोध कर रही है. हमने नगर कांग्रेसी कमेटी के साथ जयतंभ चौक से एक रैली निकालकर नगर पालिका कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से जनता की समस्या से अवगत कराना चाहा. लेकिन पुलिस और प्रशासन ने हमें बैरिकेडिंग कर रोका लिया.

उन्होंने कहा कि हमारी और पुलिस की हिंसक झड़प हुई, जिसमें पुलिस ने 25 से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिया है. पुलिस ने आठ प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारियों पर 151 सीआरपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज किया है.गिरफ्तार 8 कांग्रेसियों को एसडीएम कोर्ट में पेश भी किया गया है.

स्कूल चलें हम अभियान में सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का हो रहा है चिन्हांकन

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशित शिक्षा का प्रबंध


भोपाल -प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों %चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स% (सीडब्ल्यूएसएन) की समावेशित शिक्षा का क्रियान्वयन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है। चिन्हांकित बच्चों की प्रविष्टि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रबंध पोर्टल पर की जा रही है। प्रविष्टि के बाद इन बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष अभियान के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में एक लाख 43 हजार 439, वर्ष 2023-24 में एक लाख 31 हजार 85 सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का चिन्हांकन किया गया। वर्ष 2024-25 में चिन्हित बच्चों की प्रविष्टि का कार्य अंतिम चरण में है। प्रदेश में चिन्हित किये गये सीडब्ल्यूएसएन बच्चों को भोपाल की शासकीय ब्रेल प्रेस के माध्यम से ब्रेल लिपि में मुद्रित पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराई गई। राज्?य के 322 विकासखंडों में आईईडी संस्थान तैयार कराये गये हैं। वर्ष 2024-25 में प्रत्येक जिले की एक शाला, जहां सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं, वहां संसाधन केन्द्र तैयार कराने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। प्रदेश में दिव्यांग बच्चों को परिवहन भत्ता और स्टायफंड समेत अन्य आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इन बच्चों की शिक्षण व्यवस्था से लगे स्त्रोत सलाहकारों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। इसके साथ ही दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, जिला परियोजना समन्वयकों एवं डाइट के प्राचार्यों का उन्मुखीकरण किये जाने के लिये विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित किये गये। दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय मूल्यांकन के बाद उनकी आवश्यकता के उपकरण वितरण की कार्यवाही भी की गई। दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिये खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी वर्ष 2024-25 में नवम्बर-दिसम्बर माह में संपन्न कराये गये।

## स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना ज़रूरी-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना ज़रूरी है। प्रदेश सरकार के द्वारा निरंतर कोशिश की जा रही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उज्जैन ज़िले के घट्टिया जनपद पंचायत में 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत के 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमि-पूजन किया।



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया के लिए पर्याप्त चिकित्सकीय और पैरामेडिकल की भर्ती की जाएगी। सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में चिकित्सा स्टाफ की 30 हज़ार भर्तियां की जाएंगी। हम स्वास्थ्य और शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए हम सभी प्रयासरत हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कहा के भवन का निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाए। साथ ही समय सीमा से पहले ही निर्माण कार्य को पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया का निर्माण कार्य आगामी 15 महीने में पूर्ण किया जाना है।उन्होंने घट्टिया में एंबुलेंस की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि यहां पर एंबुलेंस की सेवा शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं के लिए उन्होंने विस्तृत कार्य योजना बना कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक श्री सतीश मालवीय ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया से आसपास के 100 गांव लाभान्वित होंगे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत घट्टिया श्री भगवान सिंह पंवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का त्योहार बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या फिर किसी शक्तिपीठ मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस नवरात्रि के मौके पर आप भी मध्य प्रदेश को प्राचीन मंदिरों और शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी

आप्रवास और विदेशियों विषयक विधायक 2025 अंततः लोक सभा से पारित हो गया। इधर के दिनों में विशेषकर भारत में बांग्लादेश में रोहिंग्या की भारी घुसपैठ के कारण इस विधायक की जरूरत ज्यादा ही महसूस की जा रही थी। कुछ एजेंटों तथा सक्रिय निहित स्वार्थ के कारण इन दोनों समुदायों के लोग भारत में आकर न केवल भारतीय पहचान पत्र बनवाने में सफल हो जाते हैं बल्कि अपने लिए अस्थाई और अस्थाई अजीविका भी तलाश लेते हैं। अगर मामला यहीं तक सीमित होता तब भी गनीमत थी, लेकिन इन समुदायों के लोग सामान्य से लेकर गंभीर अपराधों तक और यहां तक की भारत-विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त पाए गए हैं। भारत सरकार तथा भारतीय हितों के पोषक लोग लंबे समय से इनके खतरे के प्रति आगाह भी करते रहे हैं और इसे नियंत्रित करने के प्रयासों पर चर्चा करते रहे हैं। इन्हीं सब की परिणति है यह नया विधेयक। इस विधेयक पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह की इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी यहां चला आए, बस जाए और बिना किसी रोक-टोक के जो मन आए करता रहे। वास्तविक समस्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की नहीं बल्कि उनकी है जो उनके आगमन को संभव बनाते हैं। उनके रहने और रोजगार की व्यवस्था करते हैं और फिर उन्हें भारत विरोधी गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। अब देखना है कि इस नाम इस कानून के लागू होने के बाद किस तरह से घुसपैठियों पर रोक लगेगी और किस तरह से उनके विरु द्ध कार्रवाई होगी जो भारत में घुसपैठ को सुगम बनाते हैं। याद रखना चाहिए कि इन घुसपैठियों की मदद करने वाले तथा इन्हें भारत में बसने के दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों का एक वृहद तंत्र है जो समूचे भारत में फैला हुआ है।

# भारतीय संसद में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के पारित होने के सियासी मायने को ऐसे समझिए

भारतीय संसद के लोकसभा और राज्यसभा में दो दिवसीय उन्मुक्त चर्चा के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का पारित होना एक ऐसी महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना है, जिसके दूरगामी सियासी परिणामों से इंकार नहीं किया जा सकता है। देखा जाए तो इसके कई राजनीतिक मायने निकलकर सामने आ रहे हैं, जिससे भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (अब इंडिया गठबंधन) के बीच आम चुनाव 2029 में सीधी लड़ाई होगी।

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि वक्फ सम्बन्धी नए कानून से एक ओर जहां पसमांदा यानी गरीब व कमजोर वर्ग के मुसलमानों को काफी फायदा मिलेगा, जिससे इंडिया गठबंधन के अल्पसंख्यक मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव स्वाभाविक है, वहीं दूसरी ओर वक्फ बोर्ड में व्याप्त वैधानिक अराजकता को नए संशोधन कानून द्वारा समाप्त किये जाने से हिंदुओं में यह आश्वस्ति भाव पनपेगी कि अब उनकी संपत्ति वक्फ बोर्ड के दांवपेचों से पूरी तरह से महफूज रहेगी। इससे राजग को मजबूती मिलना स्वाभाविक है।

वहीं, 2029 के आम चुनाव से पूर्व होने वाले विभिन्न विधानसभा चुनावों से यह स्पष्ट हो जाएगा कि राजग (एनडीए) के मुकाबले संप्रग (यूपीए) टिका रह पाएगा कि नहीं, क्योंकि 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जहां पर एनडीए और यूपीए (अब इंडिया गठबंधन) के बीच सीधा मुकाबला है। हिंदी पट्टी में भाजपा व उसके सहयोगियों के निरंतर मजबूत होते जाने की असली वजह कांग्रेस व उसके सहयोगियों की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है, जिससे हिन्दू जनमानस आहत होता आया है। वहीं, जातिवाद व क्षेत्रवाद की आड़ में हिंदुओं को कमजोर रखने की जो इनकी साजिश है, उसे भी लोग अब समझने लगे हैं। यही वजह है कि बिहार समेत पूरे देश में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामूहिक जनहितैषी फैसलों से उनकी लोकप्रियता बढ़ी है, वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुस्लिमपरस्ती, जूठे जातीय प्रेम और अदूरदर्शिता भरे सियासी फैसलों से इनकी छवि धूमिल हुई है। बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम और उसपर मिले जनादेश इसी बात की तो चुगली करते हैं।

मजेदार बात तो यह है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 की आड़ में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के द्वारा अल्पसंख्यकों को भड़काने की जो योजना बनाई गई थी, उन्मुक्त संसदीय बहस से उसपर पानी फिर गया है। इस बहस के बाद पसमांदा यानी गरीब मुसलमान जहां एनडीए के पक्ष में आ गए हैं, वहीं पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान व अरब देशों की भाषा बोलने वाले अमीर मुसलमान अब अपनी ही कौम में अलग-थलग पड़ जाएंगे। क्योंकि मोदी सरकार की सबका साथ, सबका विकास वाली रणनीति से सबसे ज्यादा फायदा हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के गरीबों को ही मिला है, जो अब एनडीए के मजबूत वोट बैंक बन चुके हैं।

वहीं, राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति और तीन तलाक जैसे कानूनों के उन्मूलन से अमीर मुसलमान ही भड़क रहे हैं और गरीब मुसलमानों को धर्म के नाम पर भड़का रहे हैं, जिसे गरीब मुसलमान अब समझने लगे हैं। इसलिए कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के मुस्लिम वोट बैंक का दरकना अब तय हो गया है, जिसका असर आपको बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ही दिखने लगेगा। अभी जदयू के मुस्लिम नेताओं में नीतीश कुमार के ताजा फैसले से जो रोष है, वह भी जल्द ही समाप्त हो जाएगा। क्योंकि भाजपा जो भी मुस्लिम सम्बन्धी फैसले ले रही है, वह संघ समर्थित राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की हरी झंडी के बाद ही, जो पसमांदा मुसलमानों में गहरी पैठ रखती है। मोदी ईदी उपहार अबतक का सबसे बड़ा हृदय परिवर्तन अभियान समझा गया। वहीं, 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और 2027 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन दोनों महत्वपूर्ण राज्य विधानसभा चुनावों के समय अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में भी चुनाव होंगे, जहां दोनों गठबंधनों की कड़ी परीक्षा होगी। इसके बाद वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे महत्वपूर्ण राज्यों के अलावा पूर्वोत्तर राज्यों में भी विधान सभा चुनाव होंगे, जो यह स्पष्ट कर देंगे कि अल्पसंख्यक एनडीए के साथ में हैं या उसके विरोध में इंडिया गठबंधन के साथ। क्योंकि इंडिया गठबंधन की आपसी सिरफुटौव्वल ही इसकी सबसे बड़ी बाधा थी, है और रहेगी। यह वजह है कि पूरे देश में पिछले तीन संसदीय आमचुनावों से जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निरंतर मजबूत होता जा रहा है और एक के बाद दूसरे राज्य में भी चुनाव जीतते जा रहा है, वहीं इंडिया गठबंधन की इंजन पार्टी कांग्रेस को आम चुनाव 2024 में थोड़ी सी सियासी ऑक्सीजन क्या मिल गई, वह विभिन्न राज्यों में अपने गठबंधन सहयोगियों को ही कुचलने लगी। यदि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 मुसलमानों से जुड़ा मामला नहीं होता तो इंडिया गठबंधन की ताजा एकजुटता भी दिखाई नहीं पड़ती।

## कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद्द तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है।

## वक्फ विधेयक को समझना: मिथब नाम उजागर किये गए तथ्य

कुछ राजनीतिक संस्थाओं और मुस्लिम समुदाय के भीतर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा जानबूझकर अशांति का वातावरण बनाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाने के कारण, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 विवाद का विषय बन गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और वक्फ संपत्तियों के शासन को सुव्य वस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस विधेयक को इन समूहों द्वारा इतना अधिक विकृत किया गया है कि इसकी मूल पहचान ही बदल गयी है। ये निहित स्वार्थ से भरे समूह समुदाय के कल्याण की तुलना में अपने स्वयं के विशेषाधिकारों की रक्षा करने को लेकर अधिक चिंतित हैं।

संशोधन के पीछे का सच

इस विधेयक का विरोध मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से वक्फ संस्थानों में पारदर्शिता की कमी से लाभान्वित हुए हैं। ऐतिहासिक रूप से, कुछ समूहों ने वक्फ संपत्तियों पर महत्वपूर्ण नियंत्रण बनाए रखा है और उनकी पहचान सर्वविदित है। उनका विरोध धार्मिक अधिकारों से जुड़ी वास्तविक चिंताओं से नहीं, बल्कि वर्षों से कुप्रबंधित अकूत संपत्तियों और वित्तीय संसाधनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। यदि उनके इरादे वास्तव में समुदाय के कल्याण से जुड़े थे, तो क्या वे बता सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय में साल दर साल लगातार गिरावट क्यों आ रही है

इसमें से सबसे बड़ी विकृतियों में से एक का दावा है कि यह विधेयक सरकार को वैध वक्फ संपत्तियों को जब्त करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खास कर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजीभूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा।

एक और व्यापक रूप से फैलाया गया मिथक यह है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण को समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, यह जिला कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपकर प्रक्रिया को मजबूत करता है, जो स्थापित राजस्व प्रक्रियाओं का उपयोग करके सर्वेक्षण पूरा करेंगे, जिससे निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अशुद्धियों और संभावित हेरफेर को समाप्त किया जा सकेगा। इस विधेयक के सबसे मुखर आलोचक वे हैं, जो लंबे समय से वक्फ संपत्तियों के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं। उनका विरोध इन संपत्तियों पर बने अपने वित्तीय साम्राज्यों की रक्षा करने से जुड़ा एक सुनियोजित कदम है। इन संगठनों ने ऐतिहासिक रूप से वक्फ संसाधनों पर एकाधिकार बनाए रखा है तथा वे समुदाय के वंचित वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि का अपने स्वयं के एजेंडों के लिए उपयोग करते रहे हैं। पाखंड बहुत बड़ा है! वे मुस्लिम समुदाय के हितों की वकालत करने का दावा करते हैं, जबकि उन्होंने दशकों से व्यक्तिगत लाभ के लिए वक्फबोर्डों में हेर फेर कियाहै। भारत में कई वक्फ बोर्ड इन समूहों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा संचालित हैं,

## भगवान श्रीराम के जन्म के समय सभी देवता आकाश में उपस्थित होकर स्तुति करने लगे थे

अग्निदेव महाराज दशरथ को खीर देकर अदृश्य हो गये। उसके बाद महाराज दशरथ ने अपनी रानियों को बुलाया और सबको यथायोग्य खीर का वितरण किया। अग्निदेव के द्वारा दिये गये प्रसाद के प्रभाव से कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी, तीनों रानियां गर्भवती हो गयीं। जिस दिन से भगवान कौशल्या के गर्भ में आये, उसी दिन से संपूर्ण लोकों की संपत्ति सिमट कर अयोध्या में आ गयी। चारों तरफ सुख और शांति का साम्राज्य छा गया। भगवान का अंश सुमित्रा और कैकेयी के गर्भ में भी आ चुका था। इसलिए सब रानियां शोभा, शील और तेज की खान दिखायी पड़ने लगीं। आखिर प्रतीक्षा की घड़ी आ पहुंची। योग, लग्न, तिथि और वार सभी अनुकूल हो गये। चारों ओर प्रसन्नता ही प्रसन्नता दिखायी पड़ने लगी। क्योंकि चराचर जगत को सुख देने वाले भगवान श्रीराम के जन्म का वह दिव्य समय था। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि थी। शीतल, मंद और सुगन्धित वायु बह रही थी। नदियां स्वच्छ हो गयीं। सभी देवता विमल आकाश में उपस्थित हो गये। गन्धर्व भगवान विष्णु का गुण गा रहे थे। देवता लोग हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना कर रहे थे और आकाश से पुष्पों की वर्षा कर रहे थे। जब सभी देवता स्तुति करके अपने अपने धाम चले गये,

## आपदा-विपदा में परस्पर सहयोग हो

हरिशंकर व्यास

म्यांमार में भयावह भूकंप आया! शायद ही कभी मालूम पड़े कि हजारों मरे या लाखों! लाखों का जुमला इसलिए है कि 7.7 तीव्रता के झटकों की मौतों, घायलों और बरबादी का म्यांमार में हिसाब रखने वाला है कौन यह वह देश है, जहां दशकों से भेड़ियों का सैनिक शासन है। लोग बेचारे बौद्ध हैं और वे आजादी के बाद से ज्यादातर समय तानाशाही में जी रहे हैं। इनमें वह कोई जिंदादिली, गुर्दा नहीं है जो बतौर मनुष्य अपने आप पर सोच सकें कि वे कैसे जी रहे हैं। कथित ताकतपूर्ण सैनिक शासन के बावजूद म्यांमार के कई इलाकों में अलग-अलग नस्ली, बागी संगठनों के शासन बाड़े हैं। इसी के चलते थाईलैंड की सीमा से लगे इलाके में चीनी माफियाओं, अपराधी गिरोहों के ऐसे सेंटर हैं, जहां इंडोनेशिया, फिलीपीन, भारत आदि के बेरोजगार लड़के-लड़कियां नौकरी के झांसे में फंसे बंधुआ हैं। उनसे फोन करवा फ्रॉड होता है। फिर रोहिंग्या मुसलमानों के इलाके हैं, जहां से लाखों लोगों को सेना ने म्यांमार से भगाया है। वे बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों से लेकर भारत में मुंबई, दिल्ली तक फैले हुए हैं।

बहरहाल, भूकंप की खबर आई तो म्यांमार की मदद के लिए कोई नहीं दौड़ा। कहीं चिंता नहीं हुई। खबर में बैंकॉक के विजुअल ज्यादा दिखे। इसलिए क्योंकि पहली बात म्यांमार के सैनिक तानाशाहों ने दुनिया से नाता नहीं रखा है। उनकी पटरी चीन, रूस जैसे तानाशाह देशों से ही पटती है। फिर देश में मीडिया के नाम पर जो है वह सरकारी है। म्यांमार विश्व बिरादरी में अछूत है। इसलिए भूकंप की खबर के बाद वैश्विक प्रतिक्रिया में यह भाव था आया होगा भूकंप, हमें क्या लेना! ध्यान रहे चीन, रूस और भारत के मदद के लिए आगे आने जैसी बातों का अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिक शासन के प्रमुख से बात कर म्यांमार की मदद में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जुमले में राहत सामग्री भेजने की जो हेडलाइन बनाई है उसका वैसा ही अर्थ है, जैसे नेपाल में भूकंप के बाद भारत की मदद थी, जिससे नेपाल में हल्ला हुआ 'थोथा चना बाजे घना'!

तभी सोचें, भारत के पड़ोसियों और दक्षिण एशिया के देशों की दशा पर! सभी देश अपने को ऐसे बाड़ों में कनवर्ट किए हुए हैं, जो भीड़ के कारण चिन्हित है मगर बाजार के रूप में। दक्षिण एशिया की समस्याओं, गरीबी, जलवायु परिवर्तनों, आपदाओं-विपदाओं, आपसी और अंदरूनी कलह जैसे पहलुओं से बाकी दुनिया का विशेष सरोकार नहीं है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण एशिया का हर देश अपने आपको तुर्रम खां मानता है।

## देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है रामनवमी का पर्व

भगवान श्रीराम के जन्मदिवस चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को रामनवमी के नाम से देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। देश के मंदिरों में इस दिन श्रीराम जन्मोत्सवों की धूम देखते ही बनती है। इस दिन नवरात्रि का अंतिम दिन होने के कारण मां दुर्गा की भी पूजा की जाती है और जगह जगह हवन, पूजन और कन्या पूजन किये जाते हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीराम का जन्म मध्यान्ह काल में हुआ था। इसीलिए इस दिन तीसरे प्रहर तक व्रत रखा जाता है और दोपहर में मनाया जाता है राम महोत्सव। इस दिन व्रत रखकर भगवान श्रीराम और रामचरितमानस की पूजा करनी चाहिए। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में तो इस दिन भव्य कार्यक्रम रखा गया है। खासतौर पर जब दोपहर को भगवान सूर्य रामलला के ललाट पर अपने प्रकाश से तिलक करेंगे तो वह दृश्य देखने वाला होगा।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ ऐतिहासिक कदम

नये कानून के अनुसार किसी भी विदेशी को बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर 7 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर 3 साल की जेल और 3 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। संसद के बजट सत्र. 2025 में बजट के अतिरिक्त भी कई ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए हें जिनमें से एक है आब्रजन और विदेशियों विषयक विधेयक.2025। यह विधेयक भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाला तो है ही साथ ही भारत की आंतरिक व वाह्य सुरक्षा तंत्र और आर्थिक तंत्र को भी मजबूत बनाने वाला भी है। जब यह विधेयक अधिसूचित होकर पूरे भारत में लागू हो जायेगा तब बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ सहित अनेक प्रकार के अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी।

इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कोई भी विदेशी नागरिक पहले की तरह भारत में घुस करए भारत के किसी भी हिस्से में जाकर निवास करते हुए भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो पाएगा। अब सीमा पार करने वाले हर व्यक्ति का पूरा डाटा एकत्र किया जायेगा। अभी भारत आने वाले विदेशी नागरिकों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं है। यह विधेयक भारत की एकताए अखंडता तथा सुरक्षा के लिए अतयंत महत्वपूर्ण है। इस बिल के लागू हो जाने के बाद अवैध रोहिंग्याध्बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोकथाम ही नहीं लगेगी अपितु ऐसे अराजक तत्व जो समाज में घुल मिलकर छोटे मोटे अपराधों में संलिप्त हो रहे हैं तथा समाज का वातावरण प्रदूषित करते हुए लवजिहाद व धर्मान्तरण जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं उनसे भी निपटा जा सकेगा।

इस विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के दौरान स्पष्ट हुआ कि भारत में अवैध घुसपैठ की समस्या कितना विकराल रूप ले चुकी है। भारत के सभी मेट्रो शहर अवैध अराजक तत्वों के निशाने पर हैं। भारत के अधिकांश सीमावर्ती क्षेत्रों तथा समस्त पूर्वी राज्यों जिनमें असम और पश्चिम बंगाल प्रमुख हैं में यह समस्या नासूर बन चुकी है। पश्चिम बंगाल के तीन सीमावर्ती जिलों की डेमेग्राफी अवैध घुसपैठ के कारण बदल चुकी है। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने जब सदन में बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठ की सबसे अधिक समस्या कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटकए झारखंडए तेलंगना तथा तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य पश्चिम बंगाल में है क्योंकि यहां की राज्य सरकारें सहयोग नहीं कर रही हैं तब विपक्षी दलो ने हंगामा करते हुए सदन का बहिष्कार कर दिया। गृहराज्य मंत्री ने अवगत कराया कि बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ नहीं लगाने दे रही है साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा पर टीएमसी के कार्यकर्ता ही बीएसएफ के कार्यों में बाधा डालने का काम कर रहे हैं जिसके कारण बांग्लादेशी घुसपैठ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। लोकसभा में बहस के दौरान ही गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत कोई श्धर्मशालाश् नहीं हैं।

विधेयक पर बहस के दौरान घुसपैठ व शरणार्थी शब्द को स्पष्ट किया गया क्योंकि विपक्षी दलों के सांसद तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के कारण इन दोनों शब्दों का घालमेल कर रहे थे। ये विपक्षी सांसद इस विधयेक को वसुधैव कुटुंबकम की भवना से परे बताकर भ्रम व अराजकता की राजनीति करने का प्रयास कर रहे थे किंतु सरकार ने अपने तर्कों से विपक्ष को बेनकाब कर दिया जिसके परिणामस्वरूप वे राज्यसभा में हंगामा करते हुए सदन से बाहर चले गये।

इस नये कानून में विदेशी अधिनियम 1946ए पासपोर्ट ;भारत में प्रवेशद्ध अधिनियम 1920 तथा विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम 1939 और आब्रजन ;वाहक दायित्वद्ध अधिनियम 2000 को निरस्त करते हुए एक नया व्यापक कानून बनाने की आवयकता की पहचान करते हुए नया आब्रजन और विदेशी विधेयक 2025 लाया गया है। नये कानून का एक उद्देश्य यह भी है कि कानूनों की बहुलता और अतिव्यापन से बचा जाये तथा विदेशियों से संबंधित मामलों को विनियमित किया जाएए जिसमें वीजा की आवश्यकताए पंजीकरण और अन्य यात्रा संबंधी दस्तावेज ;पासपोर्टद्ध आदि शामिल है। इस नये कानून के माध्यम से भारत में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले सभी लोगों के लिए सभी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

नये कानून के अनुसार किसी भी विदेशी को बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर 7 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर 3 साल की जेल और 3 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के माध्यम से प्रवेश करने पर तुरंत हिरासत में लिया जायेगा। अब इस विधेयक के नये नियमों के अनुरूप अगर कोई मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है तो अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह विधेयक केंद्र सरकार को उन स्थानों का नियंत्रण करने का अधिकार भी देता है जहां विदेशियो काआना जाना लगा रहता है। इसके तहत मालिक को परिसर को बंद करनेए निर्दिष्ट शर्तों के साथ इसके उपयोग की अनुमति देने या सभी या निर्दिष्ट वर्ग के विदेशियों को प्रवेश देने से मना करने का अधिकार का दिया गया है।

निरस्त किये गए कानून की कमियों का लाभ उठाकर ही बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भारत आ रहे थे क्योंकि उस क़ानून में उनकी जांच करने तथा व्यापक पूछताछ की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। इसी कारण से आज लाखों की संख्या में अवैध नागरिक भारत में रह रहे हैं और अब वह राष्ट्रीय समाजिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं।

गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि हम नियम बनाकर अवैध घुसपैठ को रोक रहे हैं। हमारी सीमा पर कुछ संवदेनशील स्थान हैंए सेना के अड्डे हैंए उनको दुनियाभर के लिए खुला नहीं छोड़ सकते। पहले भी घुसपैठियो को रोका जा सकता था किंतु कोई नियम नहीं था अतः हमने नियम बनाने का साहस किया है। इस नये कानून से भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की जानकारी पुख्ता होगी । सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टलए घुसपैठियों की कार्टलए हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था इस विधेयक में की गई है।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि: आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आगमन हो सकता है। माता दुर्गा के आशीर्वाद से आपके रुके हुए काम सफल होंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहने वाला है। आज आपके परिवार में नई खुशियाँ आएंगी। आज आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वाइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज आपको बड़ों का सहयोग मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस मैन की रुकी डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी।

तुला राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए, सफलता के योग बने हुए हैं। माता-पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

धनु राशि:आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आपको सफलता की नयी किरण दिखाई देगी।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप व्यापार के लिए मशीनरी उपकरण खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। अगर आपके घर का निर्माण कार्य चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे,



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के उद्देश्य से सात अप्रैल से पुर्तगाल और स्लोवाकिया की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। पिछले साल वहां के विदेश मंत्री भी आए थे और हमारे वाणिज्य मंत्री से तमाम मुद्दों पर बात की थी। डिजिटल इंफ्रा. ग्रीन हाइड्रोजन जैसे मुद्दों पर कुछ सहमतियां बनी थी। प्रभासाक्षी ने विदेश मंत्रालय से पूछा कि क्या अभी राष्ट्रपति जी का दौरा होने जा रहा है तो उन सहमतियों के अनुबंध में तब्दील होने की संभावना है?



# संसद में वक्फ विधेयक को जबरन पारित किया गया, यह संविधान पर सीधा हमला है : सोनिया गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में इसे संविधान पर सीधा हमला बताया और कांग्रेस सांसदों से कहा कि वे भाजपा शासित एनडीए सरकार की नाकामियों को आक्रामकता के साथ उजागर करें। सोनिया गांधी ने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कहा कि वक्फ विधेयक को जबरदस्ती संसद से पास कराया गया। उन्होंने कहा, यह विधेयक संविधान पर सीधा हमला है। यह समाज को हमेशा बांटकर रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर भी कड़ी आपत्ति जताई और इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ बताया।

सोनिया गांधी ने कहा कि दो साल पहले संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ था, लेकिन अब तक इसमें एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने की अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपीए सरकार के समय शुरू किए गए चार प्रमुख कानून- सूचना का अधिकार (आरटीआई), मनरेगा, वन अधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण कानून को वर्तमान सरकार कमजोर कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 2013 में लागू राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून से 80 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, लेकिन जनगणना न होने के कारण 14 करोड़ लोग अपने अधिकार से वंचित रह गए हैं।

सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं से यह भी अपील की कि वे मोदी सरकार द्वारा उनकी योजनाओं को हथियाने और अपना बताकर दोबारा पेश करने की कोशिशों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखें।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार देश को ऐसे हालात में ले जा रही है, जहां संविधान सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएगा। हमें सच के लिए लड़ाई जारी रखनी होगी और सरकार की नाकामियों को उजागर करना होगा।

सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए सरकार की कई योजनाओं को एनडीए सरकार ने नए रूप में पेश कर अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया है। कांग्रेस को इन सच्चाइयों को जनता तक पहुंचाने के लिए और प्रयास करने होंगे।

सोनिया गांधी ने कहा कि संसद में भाजपा सांसद कांग्रेस शासित राज्यों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस सांसदों से भी केंद्र सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए उतनी ही जोरदार और आक्रामक रणनीति अपनाने की अपील की।


उन्होंने कहा, मैं देखती हूं कि भाजपा के सदस्य, खासतौर पर शून्यकाल के दौरान, हमारे राज्य सरकारों पर पूरी तरह झूठे आरोप लगाते हैं। आप सभी को भी उतनी ही आक्रामकता के साथ भाजपा शासित राज्यों की नाकामियों और कुप्रबंधन को उठाना चाहिए। इसके लिए हमें और गहराई से तैयारी और शोध करना होगा।

कांग्रेस की राज्यसभा सांसद ने यह भी चिंता जताई कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भी अपनी बात रखने नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही अजीब और चौंकाने वाला है। यह सब विपक्ष को अपनी चिंताएं रखने से रोकने के लिए किया जा रहा है, ताकि सरकार को कटघरे में खड़ा न किया जा सके।

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव खराब तबीयत के कारण दिल्ली के एम्स में दाखिल हैं। जानकारी के अनुसार उनकी पीठ के घावों का ऑपरेशन हुआ, जो कि सफल रहा है। इस बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके अकाउंट से एक पोस्ट किया गया है। पोस्ट में लिखा, संघी-भाजपाई नादानोंज्तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो लेकिन हमने सदा वक्फ की जमीनें बचाने के लिए कड़ा कानून बनाया है और बनवाने में मदद की है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के डॉन मुआंग हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए एकत्रित हुए लोगों से बातचीत करते हुए।



नई दिल्ली के सेंट्रल हॉल में आयोजित कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की आम बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी।

## वक्फ बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी डीएमके , सीएम स्टालिन बोले, तमिलनाडु लड़ेगा और सफल भी होगा

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने की निंदा की और ऐलान किया कि डीएमके इस कानून को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी। तमिलनाडु विधानसभा में सीएम स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु लड़ेगा और इस लड़ाई में उसे सफलता मिलेगी।

लोकसभा में विधेयक पारित होने के विरोध में डीएमके विधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान काली पट्टियां बांधीं।

सीएम स्टालिन ने सदन को याद दिलाया कि 27 मार्च को तमिलनाडु विधानसभा ने वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने का आग्रह करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया था कि यह धार्मिक सद्भाव को कमजोर करता है और अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

उन्होंने कहा, भारत भर में अधिकांश राजनीतिक दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। फिर भी, इसे लोकसभा में पारित कर दिया गया, जो अत्यधिक निंदनीय है। हालांकि यह सदन से पारित हो गया है, लेकिन इसके खिलाफ बड़ी संख्या में वोटों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 232 सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया, यह रेखांकित करते हुए कि यह कोई मामूली आंकड़ा नहीं है। उन्होंने कहा, विपक्ष और भी मजबूत हो सकता था। इस कानून को पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए।

सीएम स्टालिन ने विधेयक को पारित करने के समय और तरीके की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा, देश के अधिकांश राजनीतिक दलों के विरोध की अनदेखी करते हुए, रात 2 बजे इस तरह के संवेदनशील कानून को पेश करना और पारित करना, भारत के संविधान पर सीधा हमला है और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास है।

उन्होंने दोहराया कि डीएमके वक्फ (संशोधन) विधेयक को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी, उन्होंने कहा कि तमिलनाडु इस कानून के खिलाफ अपनी कानूनी और राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगा।

लोकसभा ने 12 घंटे की लंबी बहस के बाद गुरुवार, 3 अप्रैल को तड़के विधेयक पारित कर दिया। कुल 288 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि 232 ने इसका विरोध किया। व्यापक विरोध के बावजूद, विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए गए सभी संशोधनों को ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। बहस के दौरान, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने विधेयक का बचाव करते हुए दावा किया कि इसे अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है।

हालांकि, विपक्षी दलों ने इसे मुस्लिम विरोधी और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताया। अपने जवाब में अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया में अल्पसंख्यकों के लिए भारत से ज्यादा सुरक्षित कोई जगह नहीं है। वे सुरक्षित हैं क्योंकि भारत में बहुसंख्यक पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी का बैंकॉक में जोरदार स्वागत, बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बैंकॉक पहुंचे। उनका भारतीय प्रवासियों ने मोदी मोदी और वंदे मातरम के नारे लगातार गर्मजोशी से स्वागत किया। थाईलैंड के उप-प्रधानमंत्री सूरिया जुंगरुंगरेंगकिट सहित कई अन्य शीर्ष अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, बैंकॉक, थाईलैंड में उतरा। आगामी आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने, भारत और थाईलैंड के बीच सहयोग के बंधन को मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। वह 4 अप्रैल को क्षेत्रीय नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी भारत-थाईलैंड संबंधों को मजबूत करने के लिए थाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। बैंकॉक में आगमन के बाद, प्रधानमंत्री का भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है, जिसमें वह भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक, आर्थिक संबंधों को रेखांकित करेंगे। इससे पहले, अपने प्रस्थान वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा के निमंत्रण पर, मैं आज थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हो रहा हूं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड के बैंकॉक में रामायण के थाई रूपांतरण, रामकियेन का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के साथ पोज़ देते हुए.

## 2 मई से खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, पैदल मार्ग को किया जा रहा दुरुस्त

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम की यात्रा 2 मई से शुरू होने वाली है। इससे पहले जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित टीमें यात्रा की तैयारियों में जुट गई हैं। मकसद है कि कपाट खुलने से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएं, ताकि यात्रा सुगम और भव्य तरीके से चल सके। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि सड़क मार्ग से लेकर केदारनाथ के पैदल रास्तों को तेजी से ठीक किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीमें पैदल मार्गों पर जमी मोटी बर्फ को हटाने में दिन-रात लगी हैं। पिछले साल आई आपदा से टूटे रास्तों की मरम्मत भी की जा रही है। डॉ. खाती ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। वहीं, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामप्रसाद ने बताया कि इस बार केदारनाथ धाम में 17 बेड का अस्पताल तैयार हो रहा है। जैसे ही बर्फ हटाने का काम पूरा होगा, स्वास्थ्य विभाग की टीमें जरूरी सामान के साथ व्यवस्था जुटाने में लग जाएंगी। उन्होंने कहा, गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर सभी मेडिकल रिलीफ पॉइंट्स को ठीक किया जा रहा

## भाजपा की जमीन हड़पने की मंशा के विरोध में वक्फ बिल के खिलाफ दिया वोट : उद्धव ठाकरे

मुंबई (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की जमीन हड़पने और अपने उद्योगपति मित्रों को देने की चाल का विरोध करने के लिए संसद में वक्फ विधेयक के खिलाफ मतदान किया।

ठाकरे ने कहा, ये बिल सिर्फ जमीन के लिए लाया गया है। हमने बिल का विरोध नहीं किया है, हमने भ्रष्टाचार का विरोध किया है। हमने उनके द्वारा किए गए नाटक का विरोध किया है।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा मुसलमानों को नापसंद करती है तो उसे अपने पार्टी के झंडे से हरा रंग हटा देना चाहिए। एक तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम भाजपा नेता विधेयक की वकालत करते हुए मुसलमानों को खुश करने वाले भाषण दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने विधेयक के खिलाफ वोट देने वालों को निशाना बनाया है।

ठाकरे ने कहा, अगर इसका उद्देश्य मुसलमानों को खुश करना है, तो हिंदुत्व किसने छोड़ा - बीजेपी ने या हमने, जिन्होंने बिल का विरोध किया? वे हमें कैसे दोषी ठहरा सकते हैं? बीजेपी ने केंद्र में तीसरी बार जीत हासिल की है और चीजें अच्छी चल रही हैं, फिर भी वह हिंदू-मुस्लिम मुद्दों को उठा रही है।

उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, अमेरिका ने भारत समेत सभी देशों के लिए नए टैरिफ की घोषणा की है और इस बात की पूरी संभावना है कि इससे देश में कुछ वित्तीय संकट आएगा।

## जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी : कलेक्ट्रेट परिसर कराया खाली

जयपुर ,03 अप्रैल (आरएनएस)। जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के बाद तुरंत कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवा लिया गया और सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र की तलाशी शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कलेक्ट्रेट परिसर में एक अज्ञात मेल के माध्यम से बम धमाके की चेतावनी दी गई थी। जैसे ही सूचना मिली, पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवा लिया गया। कर्मचारियों और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। इस घटना के बाद से जयपुर पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक नहीं होने दी जाएगी। मामले की गहन जांच जारी है




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली के फुलवारी प्री-स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान.



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ नई दिल्ली में रा%य के लंबित जल संसाधन प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की।

## हर व्यक्ति एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता, साबित करो कि ग्रीन पटाखों से प्रदूषण नहीं होता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों से होने वाले प्रदुषण के मुद्दे पर सुनवाई की गई है। कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से लगाए प्रतिबंध को सही ठहराया। हालांकि कोर्ट में सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड, हश्वश्वक्रक्ष्ठ, ष्टस्क्कक्र की ओर से पेश रिपोर्ट में कहा गया था कि बाकी पटाखों के मुकाबले ग्रीन पटाखों से 30 फीसदी कम प्रदूषण होता है। इस रिपोर्ट के मद्देनजर पटाखा निर्माता कंपनियों ने छूट की मांग भी की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक ये साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से न के बराबर प्रदूषण होता है, तब तक बैन के पुराने आदेश में बदलाव का कोई औचित्य नजर नहीं आता।

कोर्ट ने कहा कि स्वास्थय का अधिकार आर्टिकल 21 के तहत जीने के अधिकार का हिस्सा है। लोगों को स्वस्थ वातावरण में रहने का अधिकार है। कोर्ट ने भी पहले जो पटाखों पर बैन का फैसला लिया था, वो भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के बेहद खतरनाक स्तर के मद्देनजर लिया गया था। आम आदमी पर इसका क्या असर होता होगा वो समझा जा सकता है कि क्योंकि हर कोई एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता। एक बड़ा तबका जो सड़क पर, गलियों में काम करता है, प्रदूषण का असर उस पर सबसे दा ज्यादा होता है। कोर्ट ने पटाखा निर्माता कंपनियों को जिम्मेदारी का एहसास दिलाते हुए कहा कि उनकी भी जिम्मेदारी बनती है कि दिल्ली प्रदूषण रहित रहे. उनकी जिम्मेदारी है कि वो अपने कथित ग्रीन पटाखों की गुणवत्ता में और सुधार करें। सुप्रीम कोर्ट ने हष्टक्र के अंतर्गत आने वालें राज्यों को निर्देश दिया कि राज्य पटाखों पर बैन के लिए प्रभावी कदम उठाएं। राज्य सरकारें ऐसी मशीनरी बनाएं जो बैन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली और हरियाणा ने पटाखों की ऑनलाइन बिक्री के आदेश पर पालन किया है। कोर्ट ने राजस्थान और यूपी से कहा है कि वो भी ऑनलाइन ब्रिक्री पर रोक लगाए और दो हफ्ते में इस आदेश पर अमल को लेकर रिपोर्ट दे। सुनवाई के दौरान मुकेश जैन नाम के एक शख्श ने पटाखों पर बैन को अंतरराष्ट्रीय साजिश करार देते हुए प्रदूषण के मामले में मूल याचिकाकर्ता एम सी मेहता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुकेश जैन ने आरोप लगाया कि एमसी मेहता को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से पैसा मिला है, जिनके नक्सली संगठनों से संबंध हैं।



मुंबई. स्टैंडिंग ओवेशन से लेकर सिनेमाई इतिहास की पटकथा लिखने तक, हेमवंत तिवारी स्वतंत्र सिनेमा की भाषा को फिर से परिभाषित करना जारी रखे हैं. लोमड़ की अपार सफलता के बाद, अभिनेता-लेखक-निर्देशक हेमवन्त एक और अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ वापस आ गए हैं-कृष्णा अर्जुन, एक ऐसी फिल्म जो कहानी कहने की नियम पुस्तिका को फिर से लिख रही है. इसे सरल शब्दों में कहें तो, यह दुनिया की पहली डबल-रोल, सिंगल-शॉट फिल्म है, जो एक टेक में पूरी हुई हैं .



# मोनालिसा का पूल साइड लुक हुआ वायरल, सोशल मीडिया का तापमान हाई



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस और स्टनिंग लुक्स के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पूल साइड की कुछ हॉट और स्टाइलिश तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा ब्लू कलर की प्रिंटेड आउटफिट में नजर आ रही हैं और उनका यह बोल्ड अवतार फैंस को खूब पसंद आ रहा है.

मोनालिसा ने इन तस्वीरों के साथ एक रोमांटिक कैप्शन दिया- इश्क में.., जिससे उनके फैंस के बीच और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गया. कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. किसी ने उन्हें हॉटनेस क्वीन कहा, तो किसी ने बॉस लेडी का टैग दे दिया.

मोनालिसा की यह तस्वीरें पोस्ट होते ही वायरल हो गईं. महज कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. फैंस के अलावा कई सेलेब्स ने भी उनके लुक की तारीफ की है. इससे पहले भी मोनालिसा अपनी वेकेशन और ट्रेडिशनल लुक वाली तस्वीरों को लेकर चर्चा में रह चुकी हैं.

मोनालिसा न सिर्फ भोजपुरी इंडस्ट्री बल्कि टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपना जलवा बिखेर चुकी हैं. बिग बॉस में नजर आने के बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई थी. वह कई हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं और अपनी एक्टिंग और स्टाइल के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती हैं.

### छोरी 2 से नुसरत भरूचा की नई झलक जारी, ट्रेलर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

काफी समय से नुसरत भरूचा अपनी फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। यह फिल्म छोरी का सीक्वल है, जो 26 नवंबर, 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो

### ज्वेल थीफ से सैफ अली खान की नई झलक आई सामने, नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

पिछले कुछ समय से अभिनेता सैफ अली खान अपनी आगामी फिल्म ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद ने संभाली है। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

अब ज्वेल थीफ से सैफ की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। आइए जानें आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे। ज्वेल थीफ सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, दुनिया उसके पीछे पड़ी है, लेकिन वह खेल में आगे है।

# स्टाइल और ग्लैमर के मामले में दिशा पाटनी पर भी भारी पड़ती है नभा नतेश, अदाओं से चलाती है खंजर



बॉलीवुड में जब भी सबसे खूबसूरत और फिट एक्ट्रेसेज की बात होती है तो इस लिस्ट में दिशा पाटनी का नाम पहले नंबर पर आता है। दिशा अपनी अदाओं, लटकों-झटकों और अलग स्टाइल से लोगों का दिल जीत लेती हैं। उनके कूल कपड़े हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। दिशा हमेशा कम्फी कैजुअल लुक में रहना पसंद करती हैं। वैसे टॉलीवुड में भी एक हीरोइन ऐसी हैं जो लुक्स, ग्लैमरस और स्टाइलिंग के मामले में दिशा पाटनी से जरा भी पीछे नहीं हैं। सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली ये हसीना दिशा पाटनी को भी कई मामलों में फेल करती हैं और इनके चाहने वालों की भी लंबी लिस्ट है। इन दिनों इनके पास कई फिल्मी ऑफर हैं और ये साउथ की सबसे व्यस्त एक्ट्रेसेज में से एक हैं।

क्या अब आप पहचान पाए कि आखिर ये हीरोइन है कौन? ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि नभा नतेश हैं। एक्ट्रेस अपने स्पेशल गानों से फिल्मों में धूम मचाती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस घिबली आर्ट की वजह से चर्चा में आई हैं। इन्होंने कई घिबली आर्ट फोटो पोस्ट की हैं। वो अपनी हर घिबली आर्ट फोटो में प्यारी लगी हैं। नभा नितेश सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके 5 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं। इनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती है। नभा काफी फिट हैं और जिम में पसीने बहाने के अलावा एक्ट्रेस डांस के जरिए भी खुद को काफी फिट रखती हैं।

इस्मार्ट शंकर, डार्लिंग, अल्लुदु अधुर्स, मायस्ट्रो, वज्रकाया, नान्नु दोचुकुंदेवाते जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करती नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा भी उनके पास कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। एक्टर निखिल के साथ फिल्म स्वयंभू में नजर आएंगी। इसमें संयुक्ता मेनन भी उनके साथ लीड रोल में हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि नभा नतेश निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी और बॉलीवुड स्टार सनी देओल की आने वाली फिल्म में एक स्पेशल सॉन्ग करने वाले हैं। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दूसरी ओर नभा नतेश को इस समय तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कई ऑफर मिल रहे हैं।

# सनी देओल की जाट का पहला गाना टच किया जारी, जबरदस्त डांस करती दिखीं उर्वशी रौतेला

पिछली बार सनी देओल को फिल्म गदर 2 में देखा गया था, जिसमें हमेशा की तरह उनके काम को काफी सराहा गया। यह फिल्म 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आने वाले समय में सनी एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में एक नाम जाट का भी है, जिसके निर्देशन की कमान गोपिचंद मालिनेनी संभाली है। अब निर्माताओं ने जाट का पहला गाना टच किया जारी कर दिया है। टच किया गाने में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जबरदस्त डांस करती दिख रही है। इस गाने को मधुबंती बागची और शाहिद माल्या ने मिलकर गाया है। फिल्म के मेकर्स ने आज इस गाने को लॉन्च किया और यकीन मानिए, टच किया देखते ही लोग अपने डांसिंग शूज़ पहन लेंगे! गाने में उर्वशी रौतेला अपने बोल्ड डांस मूव्स, ग्लैमरस लुक और दमदार एक्सप्रेशन्स से सबका ध्यान खींच रही हैं। लेकिन सरप्राइज़ फैक्टर हैं विनीत कुमार सिंह, जो फिल्म में गैंगस्टर सोमुलु का किरदार निभा रहे हैं। गाने में वह उर्वशी के साथ धमाकेदार डांस मूव्स दिखाते नज़र आ रहे हैं। जाट में सनी का सामना रणदीप हुड्डा से होने वाला है। सनी फिल्म में रणदीप समेत 6 खलनायकों से भिड़ते हुए नजर आएंगे। भी हैं। सैयामी खेर भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म हिंदी, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ और तमिल भाषा में रिलीज होगी।

# सिकंदर बनी सलमान खान की 18वीं 100 करोड़ी फिल्म, भाईजान ने लिस्ट में अक्षय कुमार को पछाड़ा

सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर ने अपनी रिलीज के तीन दिन पूरे कर लिए हैं. ईद के मौके पर 30 मार्च को रिलीज हुई सिकंदर ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है. सलमान खान के फैंस ईद पर एक्शन सिकंदर का थिएटर में लुत्फ उठा रहे हैं. सिकंदर ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया है आइए जानते हैं.

सिकंदर की दो दिनों की ऑफिशियल कमाई की बात करें तो सिकंदर ने वर्ल्डवाइड 54.72 करोड़ रुपये से खाता खोला था और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 35.47 करोड़ रुपये कमाए थे. सिकंदर ने दूसरे दिन भारत में 39.37 करोड़ रुपए और ओवरसीज में 11.80 करोड़ रुपये की कमाई की थी. सिकंदर का दो दिनों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 105.89 करोड़ रुपये का हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने तीसरे दिन 19.5 करोड़ रुपये (अनुमानित) की कमाई की है. मंगलवार को फिल्म की कमाई में 32 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. सलमान खान के पास अब बस एक हफ्ता बचा है, इसके बाद सनी देओल की मास एक्शन फिल्म जाट रिलीज होने जा रही है.

सिकंदर के बारे में बता दें कि इसे साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म सिकंदर का बजट 200 करोड़ रुपये के लगभग है और यह एक मास एंटरटेनर फिल्म है, जिसे गजनी के डायरेक्टर ए आर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है. यह पहली बार है, जब सलमान खान और एआर मुरुगदास साथ में काम करने जा रहे हैं. फिल्म में सलमाम खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी भी पहली बार दिख रही है.

**अक्षय कुमार की केसरी: चैप्टर 2 का नया पोस्टर जारी, ट्रेलर की रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा**

काफी समय से अक्षय कुमार फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें अक्षय के साथ अनन्या पांडे और आर माधवन भी मुख्य भूमिका में होंगे। पहली बार तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं।

अब निर्माताओं ने केसरी: चैप्टर 2 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें अक्षय, अनन्या और माधवन की झलक दिख रही है। केसरी: चैप्टर 2 का ट्रेलर आज 3 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। अक्षय ने लिखा, 1650 गोलियां, 10 मिनट और 1 आदमी जो इसके खिलाफ दहाड़ता रहा। भारत को हिला देने वाले भयानक नरसंहार के पीछे की सच्चाई को देखें। यह फिल्म शंकरन नायर की बायोपिक है, जो जलियांवाला बाग नरसंहार में जनरल डायर की भूमिका को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई को दिखाएगी।

### अंदाज अपना अपना का नया पोस्टर आया सामने, 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में दोबारा होगी रिलीज

आमिर खान और सलमान खान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना लगभग 31 साल बाद एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

यह फिल्म पहली बार 4 नवंबर, 1994 को रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था।

अब निर्माताओं ने अंदाज अपना अपना का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें आमिर और सलमान समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

आइए जानें यह फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। अंदाज अपना अपना को 25 अप्रैल, 2025 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो से होने वाला है। यह फिल्म भी 25 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है।

अंदाज अपना अपना का ट्रेलर जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

# किचन में फल-सब्जी काटते समय अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स, पैसे और समय दोनों की होगी बचत



कई महिलाओं की ये शिकायत होती है कि घर और ऑफिस का काम करते-करते उन्हें अपने लिए समय निकालने का वक्त नहीं मिलता है. ऐसे अक्सर वह स्किन केयर नहीं कर पाती हैं. कई महिलाओं को घर के काम से फुर्सत नहीं मिलती है. दिन भर साफ-सफाई, किचन का काम, बच्चों की देखभाल करने में उनका सारा समय निकल जाता है. अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो ये आर्टिकल आपके बहुत काम का है. यहां हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप किचन में सब्जी या फल काटते-काटते भी इस्तेमाल कर सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

फल काटते समय करें ये काम

अगर आप किचन में कोई फल काटें तो उसके दो चार टुकड़े फ्रीजर में जमने के लिए रख दें. जब ये अच्छी तरह से जम जाएंगे तो ये क्यूब्स अपने चेहरे पर लगाएं. इसे लगाने से पहले अपना चेहरा जरूर पानी से धो लें. इससे आपको आइस फेशियल और फ्रूट फेशियल दोनों का फायदा मिल सकता है. इसके लिए आप कोई भी फल ले सकती हैं जैसे तरबूज, पपीता, केला, आम ले सकती हैं.

सब्जी काटते समय अपनाएं ये ट्रिक

किचन में खाना बनाते समय टमाटर की अक्सर जरूरत पड़ती है. ऐसे में आप सब्जी काटें तो टमाटर का एक हिस्सा अलग रख लें. उसमें थोड़ी सी हल्दी मिलाकर आप अपने चेहरे पर लगाएं. इसे आधे घंटे तक चेहरे पर रहने दें. इसके बाद चेहरा पानी से धो लें.इस ट्रिक को अपनाने से आपके चेहरे की टैनिंग दूर होगी. इससे चेहरे पर निखार भी आएगा.

शहद, कॉफी और हल्दी से बनाएं फेस पैक

अमूमन हर किचन में शहद, कॉफी और हल्दी होती ही है. इन तीनों को मिलाकर आप अपने लिए फेस पैक तैयार कर सकती हैं. सबसे पहले शहद की डिब्बी में कॉफी पाउडर और बहुत थोड़ी सी हल्दी मिलाएं. अब जरूरत पड़ने पर इसे कभी भी इस्तेमाल करें. खाना बनाते समय भी आप इसे लगा सकती हैं. ये पैक कई दिनों तक चल जाता है.

# हर महिला को आनी चाहिए इन 5 तरह की साड़ी पहनने की कला, लगेंगी बेहद खूबसूरत



साड़ी भारतीय महिलाओं के लिए एक सदाबहार और पारंपरिक परिधान है। यह न केवल सुंदरता का प्रतीक है, बल्कि इसे पहनना भी बहुत आरामदायक होता है।

अलग-अलग साड़ी पहनने के तरीके न केवल आपके लुक को खास बना सकते हैं, बल्कि आपके व्यक्तित्व को भी उजागर करते हैं।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे साड़ी पहनने के तरीके बताते हैं, जो हर महिला को आने चाहिए और जो आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं।

बंगाली तरीका

बंगाली तरीके से साड़ी पहनना बहुत आसान और आकर्षक होता है। इसमें आपको पल्लू को सामने से पीछे की ओर ले जाना होता है और फिर इसे कमर पर बांधना होता है। इसमें पल्लू को थोड़ा लंबा छोड़ना चाहिए ताकि यह आपके पूरे शरीर को ढक सके।

यह तरीका खासतौर पर त्योहारों और विशेष मौकों पर बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इसमें एक शाही और पारंपरिक लुक मिलता है।

महाराष्ट्रीयन तरीका

महाराष्ट्रीयन तरीके से साड़ी पहनना भी एक दिलचस्प अनुभव हो सकता है। इसमें आपको पल्लू को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाना होता है और फिर इसे कमर पर बांधना होता है। इस तरीके में पल्लू को थोड़ा छोटा रखना चाहिए ताकि यह आपके पूरे शरीर को ढक सके। यह तरीका खासतौर पर त्योहारों और विशेष मौकों पर बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इसमें एक शाही और पारंपरिक लुक मिलता है।

गुजराती तरीका

गुजराती तरीके से साड़ी पहनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन इसका लुक बहुत ही खास होता है।

इसमें आपको पल्लू को सामने से पीछे की ओर ले जाना होता है और फिर इसे कमर पर बांधना होता है। इसमें पल्लू को थोड़ा लंबा छोड़ना चाहिए ताकि यह आपके पूरे शरीर को ढक सके।

यह तरीका खासतौर पर त्योहारों और विशेष मौकों पर बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इसमें एक शाही और पारंपरिक लुक मिलता है।

दक्षिण भारतीय तरीका

दक्षिण भारतीय तरीके से साड़ी पहनना सबसे आसान होता है, लेकिन इसका लुक बहुत आकर्षक होता है। इसमें आपको पल्लू को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाना होता है और फिर इसे कमर पर बांधना होता है। इस शैली में पल्लू को थोड़ा छोटा रखना चाहिए ताकि यह आपके पूरे शरीर को ढक सके।

यह तरीका खासतौर पर त्योहारों और विशेष मौकों पर बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इसमें एक शाही और पारंपरिक लुक मिलता है।

पंजाबी तरीका पंजाबी तरीके से साड़ी पहनना बहुत ही मजेदार होता है। इसमें आपको पल्लू को सामने से पीछे की ओर ले जाना होता है और फिर इसे कमर पर बांधना होता है।

# शब्द सामर्थ्य -007

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरगी में रात्रि सतीष यादव उम्र 30 वर्ष निवासी फारेस्ट आफ्सि के सामने बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर वायडिंग का काम करता है वह एवं रूपेश साहू के साथ मिश्रा डेयरी के सामने रोड पर खड़े थे तभी बरगी में नवीन विश्वकर्मा के घर आने जाने वाले जबलपुर निवासी अफ्सर उर्फसमीर खान अपने 2 साथी आदिल एवं सोनू खान के साथ स्कूटी में आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे,



# बढ़ते अपराध, बिगड़ती कानून व्यवस्था, आर्थिक शोषण करती चालानी कार्रवाई, नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ गोहलपुर थाने का घेराव







जबलपुर में बढ़ते अपराध, बिगड़ती कानून व्यवस्था, आर्थिक शोषण करती चालानी कार्रवाई एवं नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक श्री लखन घनघोरिया जी के नेतृत्व में दिनांक 05/04/2025 को दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे रद्दी चौकी से प्रारंभ होकर हजारों की संख्या में आम जन मानस ने गोरखपुर थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया।

विधायक लखन घनघोरिया ने कहा हालात इतने खराब है, कि पुलिस की समय पर कार्यवाही भी नहीं होती थानों में फरियाद लेकर जाने पर आम जन मानस को उच्च अधिकारियों के आदेशों का इंतजार करने को कहा जाता है। चालानी कार्रवाई के नाम पर हो रहे आर्थिक शोषण धारा 185 के दुरुपयोग के नाम पर राहगीरों वाहन चालकों और व्यापारियों से अवैध वसूली कर रहे हैं। नागरिकों की शिकायतों के अनुसार कानून-व्यवस्था लगभग लचर हो चुकी है। आम नागरिक भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को विवश हैं। विधायक श्री लखन घनघोरिया जी ने कहा कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया तो प्रशासन को सबक सिखाने बड़ा आंदोलन किया जावेगा। अभी भी समय है, व्यवस्थाओं को सुधार लें। घेराव में सौरभ नाटी शर्मा, दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, मतीन अंसारी, यश घनघोरिया,सांसद प्रतिनिधि ताहिर अली ,ब्लॉक अध्यक्ष, आजम अली खान, अभिषेक चंदेल, असीत यादव रिंकू, शफीक हीरा, गुलाम हुसैन, कलीम खान, याकूब अंसारी, प्रमोद पटेल, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, राकेश पांडे, संजय साहू, संजय अहिरवार,अकबर अंसारी, इस्तियाक अंसारी, सलीम भाई, लक्ष्मी शुक्ला, आफिक इकबाल, वृंदावन कुशवाहा, तौफिक खान, राजेश दीवान, सुभाष पहाड़िया, मुन?ना पंडा, सोनू लाला, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुसलामानों का मुस्तक़बिल सुधारेगा वक्फ बिल



जबलपुर! वरिष्ठ भाजपा नेता जमा खान के कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आज शाम 5 बजे बड़ी औमती चौक में मुस्लिम समाज सेंकड़ों धर्मावलम्बीयो द्वारा वक्फ बिल के स्वागत में मिष्ठान वितरण किया गया एवं खुशियां मनाई गई! इस बिल राष्ट्रहित में बताते हुए सभी ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया! इस मौके पर एस के मुद्दीन साहब ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुसलामानों की दशा और दिशा बदलेगा! निश्चित रूप से मुस्लिम समुदाय के उत्थान में इसका अहम किरदार होगा! इस मौके पर जमा खान ने बताया कि मुसलामानों का मुस्तक़बिल सुधारेगा वक्फ बिल एवं 70 सालों से विपक्षी दल के चंद लोग वक्फ की सम्पत्तियों में बैठकर लाभ अर्जित कर रहे थे वो सारी चीजें गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों की मदद के लिए थी ना कि नेताओं और उनके रिश्तेदारों के लिए थी! देश के अंदर 9 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्तियां होने के बावजूद भी मुसलमान सड़कों पर व्यवसाय करने को मजबूर है, इसकी जिम्मेदार 70 साल से देश में राज करने वाली पार्टी है! जो कि वक्फ बिल पर मुस्लिम समाज को गुमराह कर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयत्न कर रही है जो कि गलत है। इस दौरान एस के मुद्दीन, ज़मा खान, उवैस अंसारी, कमर अली, तनवीर कोटी, नसीम बैग,मोईन खान, मुजम्मिल अली, अन्नू अनवर, राशिद अली, ज़फर खान, ज़ीशान अंसारी, सहज़ाद शाह, ताज्जुद्दीन अंसारी,सलमान खान, माहिर अंसारी, महफूज़ अंसारी, अब्दुल रहमान, ज़ुबैर रईन, अरशद खान, हसीब खान, मुज्जू अंसारी,अफसार अंसारी, समसुल हसन, अमीर आज़ाद, गुलाम रसूल, आसिफ अन्थोनी, मिर्जा उवैस रजा आदि मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए!

## क्या मध्यप्रदेश सरकार न्यायपालिका से ऊपर हो गई है?

प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय, राजगढ़ द्वारा हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर ह्रस्ड्ढ का सवाल क्या मध्यप्रदेश सरकार खुद को न्यायपालिका से ऊपर समझने लगी है? यह मामला प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय, राजगढ़ का है, जहाँ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा ड्ड.क्क ह्रश्. 24047/2019 (नफीसा बानो बनाम उच्च शिक्षा विभाग व अन्य) में यह स्पष्ट आदेश दिया गया था कि पेंशन से की गई अवैध वसूली न केवल रोकी जाए बल्कि पहले से की गई कटौतियों को ब्याज सहित वापस किया जाए। इसके बावजूद महाविद्यालय प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की और उच्च शिक्षा विभाग ने इस अवमानना पर चुप्पी साध ली है। विराज यादव ने इस संबंध में एक औपचारिक पत्र तीन शीर्ष अधिकारियों को लिखा है- 1. अनुराग जैन, मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन 2. अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग 3. निशांत वरवड़े, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभाग ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों से सवाल पूछने के बजाय विधानसभा में सकरण आदेश प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेश का बचाव करना शुरू कर दिया, जो कि न केवल असंवैधानिक है, बल्कि जनता को भ्रमित करने का प्रयास भी।

ह्रस्ड्ढ का यह स्पष्ट मत है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी जीवन के इस पड़ाव में सम्मान और शांति के साथ रहना चाहता है, न कि विभागों की जबरन वसूली और न्यायिक आदेशों की उपेक्षा से उत्पन्न मानसिक उत्पीड़न के बीच। विराज यादव ने अपना व्यक्तिगत संपर्क नंबर - 6263511185 - इस पत्र में सार्वजनिक रूप से दिया है और कहा है कि पूरे प्रदेश से अलग-अलग विभागों के सेवानिवृत्त कर्मियों की ऐसी ही शिकायतें लगातार उन्हें प्राप्त हो रही हैं। यदि कोई अन्य व्यक्ति भी इस तरह की अवैध वसूली या न्यायालय के आदेशों की अवमानना से पीड़ित है, तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है।

ह्रस्ड्ढ की प्रमुख माँगें हैं-

न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन।

जिम्मेदार अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई।

विधानसभा में सफाई देने के बजाय विभागीय समीक्षा। सभी शासकीय संस्थानों को न्यायिक आदेशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश।

यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो ह्रस्ड्ढ इस मुद्दे को जनआंदोलन के रूप में प्रदेशभर में उठाएगी।

## 7 अप्रैल से रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की पहली ट्रिप रवाना

**नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना से गुजरेगी**

जबलपुर । रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति - सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13-13 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से रवाना होकर नर्मदापुरम, इटारसी पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13 ट्रिप) गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा विशेष ट्रेन दिनांक 07 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को रानी कमलापति स्टेशन से शाम 16ः30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन दोपहर 15ः15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13 ट्रिप)

## स्वर्गीय पराग चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामनेट के प्रथम आयोजन में अंडर 13 मैचेस का शुभारंभ



जेपी क्रिकेट अकादमी के तत्वधान में सत्य प्रकाश स्कूल में खेली जा रही पहली स्वर्गीय पराग चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पहले मैच में सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने अपने सभी 10 विकेट खोकर 124 रन का लक्ष्य जेपी क्रिकेट एकेडमी को दिया ! जेपी एकेडमी की ओर से नामिश और गर्व ने 2 पर्व और अयान ने 1 - 1 विकेट लिए । जवाबी पारी खेलते हुए जे पी क्रिकेट अकादमी 79 रन पर ऑल आउट हो गई ! सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल की तरफ से खेलते हुए गगनदीप ने पांच विकेट लिए जो मैन ऑफ डी मैच रहे।

दूसरे मैच में जेपी बी को एमएच क्रिकेट अकादमी में एक तरफा मुकाबले में हराया । टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपी क्रिकेट अकादमी ने 86 रन का लक्ष्य एमएच को दिया, जिसे तीन विकेट खोकर आसानी से बना लिया गया । टूर्नामेंट के उद्घाटन में हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष डी के जैन अजर एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट निखिल तिवारी के करवाया, टूर्नामेंट के आयोजक अंशुल मिश्रा, भट्टाचार्य और ज्योतिष पांडे का योगदान रहा। हाइ कोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष डी के जैन का विशेष सहयोग रहा। पराग चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 13 अप्रैल को खेला जाना है, 30 30 ओवर के मैच में सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, क्रिकेट से जुड़े अधिवक्ताओं, स्कूल के प्रबंधन, प्रिंसिपल और स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मैच का सीधा प्रसारण यू ट्यूब चैनल पर हो रहा है।

## आज सेन्ट पीटर एंड पॉल कैथड्रल माहगिरिजा घर सदर मैं त्रिदिवसीय



आध्यात्मिक आयो अब लौट चले, साधना सभा का आज दूसरा दिन, आज दिनाँक 5 मार्च को सदर स्थित महागिरिजा मै फादर आनंद संचालन आत्मदर्शन टीम द्वारा मिस्सा पूजा के साथ प्रारंभ हुआ, अपने प्रवचन मै सिस्टर रोज़ ने परिवार के बीच प्रेम आपसी विश्वास , बड़े के प्रति सेवा भाव एवेंम समर्पण , आदर सत्कार पर ज़ोर दिया, कल की साधना सुबह 9 बजे से शाम को 5 बजे तक होगी, इस साधना मैं पल्लीपुरोहित डॉ फॉदर डेविस जॉर्ज, सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम, पल्ली सचिव फेलिक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी आदी ने अधिक से अधिक संख्या मे आने का निवेदन किया है

**भाजपा का स्थापना दिवस कल महानगर के सभी 967 बूथों में होंगे कार्यक्रम**

# भाजपा कार्यालय के साथ सभी बूथों में होगा पार्टी का ध्वजारोहण

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कल रविवार 6 अप्रैल को महानगर के सभी 967 बूथों में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। भाजपा कार्यालय रानीताल में प्रात: 10 बजे नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी का ध्वज लगाएंगे।

स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी एक बूथ में जाकर बूथ अध्यक्ष के साथ पार्टी का ध्वज बूथ केंद्र में फहराएंगे, साथ ही भारतमाता, दीनदयाल उपाध्याय जी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण करेंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक की विकास यात्रा पर चर्चा करेंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया स्थापना दिवस के कार्यक्रम के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी नरसिंह वार्ड अंतर्गत नागपाल गार्डन में पार्टी का ध्वज लगाएंगे। साथ ही राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, कस्तूरबा गांधी वार्ड के बूथ 162 में, सांसद श्री आशीष दुबे द्वारकानगर वार्ड के बूथ 151 में, कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन जवाहरगंज वार्ड के बूथ 174 में, विधायक श्री अशोक रोहाणी चंद्रशेखर आजाद वार्ड के बूथ 101 में, श्री अभिलाष पांडे हनुमानताल वार्ड के बूथ 73 में, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू नरसिंह वार्ड के बूथ 102 में, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर द्वारका नगर वार्ड के बूथ 151 में, डॉ जितेंद्र जामदार महाराणा प्रताप वार्ड के बूथ 27 में, पूर्व विधायक श्री अंचल सोनकर जवाहरगंज वार्ड बूथ 221 में, श्री शरद जैन गोविंद बल्लभ वार्ड के बूथ 39 में, श्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू त्रिपुरी वार्ड के बूथ 181 में, पूर्व अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर महर्षि अरविंद वार्ड के बूथ 186 में, श्री प्रभात साहू विवेकानंद वार्ड के बूथ 125 में, श्री रविकिरण साहू बनारसी दास वार्ड के बूथ 126 में, श्री राजकुमार मेहता वीरेंद्र पूरी वार्ड के बूथ 02 में, श्री राममूर्ति मिश्रा ग्वारीघाट वार्ड के बूथ 260 में, श्री अरविंद पाठक वीर सावरकर वार्ड के बूथ 94 में, श्री एस के मुद्दिन संजय गांधी वार्ड के बूथ 32 में, श्री शरद अग्रवाल सुभद्रा कुमारी वार्ड के बूथ 202 में, श्री आनंद बर्नार्ड केंटोमेंट वार्ड 4 के बूथ 155 में, श्री दीपांकर बैनर्जी अवंती बाई वार्ड के बूथ 189 में, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज रानी लक्ष्मी वार्ड के बूथ 196 में स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## FOGSI ने मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए लांच किया प्रोजेक्ट अधुना



जबलपुर। देश में गायनेकोलोजिस्ट्स की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलोजिकल सोसाइटीज़ ऑफ इंडिया (स्नह्लत्सड्ड) ने प्रोजेक्ट अधुना का लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत के चार राज्यों- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा में निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रसव के दौरान देखभाल को सुदृढ़ बनाना है। मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल के लिए साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण के साथ चिकित्सा प्रथाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट अधुना इन राज्यों के 29 चुनिंदा ज़िलों में स्वास्थ्यसेवाओं को बढ़ावा देगा। इस पहल के तहत स्नह्लत्सड्ड ने सीपीडी सत्रों के तहत वर्कशॉप्स की एक श्रृंखला शुरू की है, जिन्हें चिकित्सकगण डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिक्स स्टाफ के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये सत्र निजी स्वास्थ्य सुविधाओं की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिन्हें चिकित्सकीय सुविधाओं में तुरंत लागू किया जा सकता है। ये सीपीडी सत्र डॉक्टरों को मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल के लिए नवीनतम नवाचारों, साक्ष्य-आधारित उपायों, कौशल और मुख्य क्षमताओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं, ऐसे में यह स्वास्थ्यसेवाओं की सुलभता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रोजेक्ट के विस्तृत दृष्टिकोण पर स्नह्लत्सड्ड के इमीडिएट पास्ट प्रेज़ीडेन्ट एवं अधुना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ जयदीप टांक ने कहा, प्रोजेक्ट ‹ष्ठ॥ड्ड स्नह्लत्सड्ड की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है

## भगवान श्रीं झूलेलाल जी की छठी धूम धाम से मनाई गई





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान श्रीं झूलेलाल जी की छठी श्रीं झूलेलाल मंदिर मे मनाई गई जिसमे स्वामी अशोकानंद जी महाराज, स्वामी प्रदीप महाराज जी शामिल हुए कार्यक्रम मे स्वामी अशोकानंद जी महाराज जी प्रवचन मे बताया कि मनुष्य के जीवन का आधार ही परमार्थ हैं अच्छे कार्यों को करना व सभी को उन सभी परोकार के कार्यों को करने के लिए प्रेरित करना अति अवश्यक हैं !महाराज जी ने कहा कि आज के युवाओ को सही मार्ग दर्शन मिलना जरुरी हैं जिससे समाज का सही निर्माण हो सके ! सत्संग से युवाओ को जोड़ना भी जरुरी हैं स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदांत शर्मा जी द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी गई साथ ही आयोलाल झूलेलाल के जयकारे लगाए गए कार्यक्रम उपरांत भंडारे का आयोजन किया गए !उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा,लख्मीचंद खेमनी, रतनलाल वछानी राम आहूजा, कैलाश वासवानी,रमेश आहूजा, , माधवदास कुंदवानी, गोविन्द हीरानी, जेठानंद खत्री,प्रकाश आहूजा,त्रिलोक वासवानी सोनू लालवानी, धर्मेन्द्र मंगलानी, रोशन रामचंदनी, अनिल रोहरा, महेश पुरष्वाणी,हरीश आहूजा, अशोक लालवानी महिला मण्डल अनीता भाटिया, ऋतू वासवानी, काजल खेमानी, सोनी वासवानी,वेदिका रतलानी, सीमा भाटिया, सिमरन रामराख्यानी ने सभी उपस्थित थे

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999


जगनिवास प्रभु प्रकटे
अखिल लोक बिश्राम....
जन-जन की प्राण शक्ति
धर्म और न्याय के रक्षक मर्यादा पुरुषोत्तम
भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस
श्रीराम नवमी
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मैहर
मां शारदा पूजन
विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं शिलान्यास
अपराह्न 1:00 बजे
चित्रकूट
गौरव दिवस कार्यक्रम
गंगा आरती एवं दीपोत्सव
सायं 5:30 बजे
गरिमामयी उपस्थिति
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
6 अप्रैल 2025
सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय के पथ पर बढ़ता
धार्मिक पर्यटन को समृद्ध करता मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11001/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025